रोहतक
गुरुवार 12 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 279
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 31.6°C
न्यून. 10.8°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 महज 75 मिनट में कोको को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं नोस्कोवा

## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर अर्शदीप ने की मॉडल गर्लफ्रेंड से सगाई

**चंडीगढ़।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने



मॉडल गर्लफ्रेंड समरीन कौर से सगाई कर ली है। अर्शदीप समरीन को घुटने पर बैठकर प्रपोज करते दिखे। समरीन ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर सगाई की तस्वीरें शेयर कीं, जो वायरल हो रही हैं। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि जिंदगी ने उन्हें एक-दूसरे का साथ दिया है और अब वे पूरी जिंदगी साथ बिताना चाहते हैं।

### अमूल दूध 4 तक महंगा मदर डेयरी के भी बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** अमूल ने दूध की कीमतों में 2 से 4 प्रति लीटर तक बढ़ोतरी की है। नई दरें 12 नवंबर यानी गुरुवार से लागू होंगी। अमूल



गोल्ड की कीमत 70 रुपये से बढ़कर 74 और अमूल फ्रेश की कीमत 57 रुपये से बढ़कर 59 प्रति लीटर हो गई है। मदर डेयरी ने भी दूध के दाम 2 से 4 प्रति लीटर तक बढ़ाए हैं। कंपनी ने दूध की खरीद लागत बढ़ने के कारण कीमतों में इजाफा किया है। इससे पहले 14 मई को दूध की कीमतें बढ़ाई थीं।

### भारत ने वीजा सिस्टम बदला, अब सिर्फ 9 श्रेणी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने भारत के वीजा सिस्टम में बदलाव किया है। अब वीजा की मुख्य कैटेगरी 13 से घटाकर 9 और सब-कैटेगरी 49 से घटाकर 23 कर दी गई हैं। यानी विदेशियों के लिए वीजा चुनना और आवेदन करना आसान होगा। टूरिस्ट वीजा का नाम बदलकर विजिटर वीजा कर दिया गया है। इसके अलावा वीजा आवेदन फॉर्म में भरे जाने वाले कॉलम भी 65-70% कम कर दिए गए हैं। इससे पहले अक्टूबर 2025 में वीजा की मुख्य कैटेगरी 22 से घटाकर 13 और सब-कैटेगरी 63 से घटाकर 49 की गई थीं। नई व्यवस्था दिसंबर 2026 तक लागू हो जाएगी।

### 3 राज्यों में शुरू होंगी सांध्यकालीन अदालतें

**नई दिल्ली।** अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे और



अदालती बोझ कम करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 3राज्यों दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश में सांध्यकालीन अदालतें शुरू करने का फैसला किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने इसकी जानकारी दी है। सरकार इस साल के अंत तक दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश में 'इवनिंग कोर्ट' शुरू करेगी।

### बिना अकाउंट कर सकेंगे 50,000 तक एनईएफटी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने देश में एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट या किसी व्यक्ति को पैसे भेजने के नियम आसान कर दिए हैं। नए नियमों के मुताबिक, अगर आपका किसी बैंक में खाता नहीं भी है, तब भी आप ब्रांच जाकर एनईएफटी के जरिए एक बार में 50,000 तक किसी के भी खाते में ट्रांसफर कर सकते हैं। इसके साथ ही, अगर आप किसी को सीधे कैश के रूप में पैसे भेजना चाहते हैं, तो एक बार में 10,000 रुपये तक भेज सकेंगे, जबकि एक व्यक्ति महीने भर में अधिकतम 25 हजार रुपये तक कैश भेज सकता है। यह सर्विस दूर-दराज में रहने वालों के लिए मददगार होगी।

## स्वच्छता रैंकिंग : छोटे शहरों की श्रेणी में देश में तीसरा स्थान

# करनाल फिर नंबर-1, लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के 10वें संस्करण में करनाल ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए हरियाणा का पहला स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त किया है। बुधवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता और नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा को राष्ट्रपति पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि के साथ करनाल लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने वाला हरियाणा का पहला शहर बन गया है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शहरवासियों, सफाई मित्रों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास और नागरिक सहभागिता का परिणाम है। उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन एवं शहरी मामले मंत्री तथा करनाल के सांसद मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी आभार जताया।



**सफाई मित्रों की मेहनत लाई रंग**

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने कहा कि सफाई मित्रों की मेहनत, अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम भावना और नागरिकों के सहयोग से यह सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि मार्च-अप्रैल में केंद्र सरकार की टीम ने शहर का सर्वेक्षण किया था। इसमें दृश्य स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, संग्रहण एवं परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता सेवाएं, प्रयुक्त जल प्रबंधन, सफाई कर्मचारियों के कल्याण, नागरिक प्रतिक्रिया और शिकायत निवारण सहित विभिन्न मानकों का मूल्यांकन किया गया।

**पिछले साल भी हासिल किया था तीसरा स्थान :** करनाल नगर निगम ने पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण में भी शानदार प्रदर्शन किया था। 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में करनाल ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया था। इसके साथ ही शहर को गारबेज फ्री सिटी श्रेणी में 3 स्टार रेटिंग और वाटर प्लस का दर्जा भी मिला था। इन उपलब्धियों ने शहर को स्वच्छता के मामले में अलग पहचान दिलाई।

**सफाई से लेकर कचरा प्रबंधन तक किए गए सुधार :** स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सफाई और कचरा प्रबंधन पर लगातार काम किया गया। शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के साथ कचरे के उचित निपटान और नागरिकों की भागीदारी को भी महत्व दिया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण में केवल सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई ही नहीं, बल्कि कचरा प्रबंधन और शहर की समग्र व्यवस्था भी अहम होती है।

## देश में नवी मुंबई स्वच्छता सर्वेक्षण में सबसे स्वच्छ शहर

### सूरत-विजयवाड़ा दूसरे व तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में नवी मुंबई को सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है और इसके बाद सूरत एवं विजयवाड़ा का स्थान रहा। तीन से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में उज्जैन सबसे स्वच्छ शहर रहा। इसके बाद चंडीगढ़ और गुंटूर का स्थान रहा। हालांकि, पिछले आठ वर्षों से सबसे स्वच्छ शहर का खिताब हासिल करने वाला इंदौर इस साल शीर्ष स्थानों में जगह नहीं बना पाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां आयोजित एक समारोह में विजेता शहरों को पुरस्कार प्रदान किए।

**स्वच्छ तटीय शहर**
पुरी, ओडिशा
अलाप्पुझा, केरल
रत्नागिरी, महाराष्ट्र

**स्वच्छ पर्वतीय शहर**
जम्मू, जम्मू-कश्मीर
रुद्रपुर, उत्तराखंड
शोपियां, जम्मू-कश्मीर

**स्वच्छ रिवरफ्रंट शहर**
रीवा, मध्यप्रदेश
बिलासपुर, छत्तीसगढ़
वाराणसी, उत्तरप्रदेश

### स्वच्छ नदी तट वाले शहरों में रीवा प्रथम

सबसे स्वच्छ नदी तट वाले शहरों की श्रेणी में मध्यप्रदेश के रीवा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि बिलासपुर दूसरे और वाराणसी तीसरे स्थान पर रहे। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में ग्रेटर विशाखापत्तनम सबसे स्वच्छ शहर रहा। इसके बाद जबलपुर और लखनऊ का स्थान रहा। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, स्वच्छ तटीय शहर श्रेणी में पुरी ने पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद केरलम के अलप्पुझा और महाराष्ट्र के रत्नागिरि का स्थान रहा।

## रोहतक के कपड़ा शोरूम मैनेजर को गोहाना में भूना

### कार को पीछे से मारी टक्कर, बहस हुई तो मारी गोली



**लुधियाना के प्रहलाद रोहतक में रह रहे कैथल में शोरूम का काम करवाने जा रहे थे, खानपुर खुर्द और आहुलाना गांव के बीच वारदात**

**गोहाना।** जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के ढाई बजे एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। इटियास लीवा कार को पीछे से टक्कर मारने के बाद भाग रहे एमजी हेक्टर गाड़ी सवार लोगों का पीछा करना भारी पड़ गया। हेक्टर सवार व्यक्तियों ने रुकते ही गोली चला दी, जिससे कपड़ा शोरूम के सहायक बिक्री मैनेजर की मौत हो गई। मृतक की पहचान पंजाब के लुधियाना में गांव राजगुरू के प्रह्लाद के रूप में हुई है। वह इन दिनों रोहतक में किराये पर रहता था। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। प्रह्लाद एक कपड़ा कंपनी में सहायक बिक्री मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। पांच नवंबर को प्रह्लाद अपने साथी रोहतक में गांव रुड़की के हरिओम के साथ कैथल में एक नए कपड़ा शोरूम में काम कराने गए थे। दोनों मंगलवार रात को अपनी इटियास लीवा कार से वापस लौट रहे थे। वापसी के दौरान दोनों जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे के रास्ते सफर कर रहे थे। रास्ते में पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार एमजी हेक्टर गाड़ी ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद उसमें सवार लोग गाड़ी लेकर मौके से भाग निकले।

### प्रह्लाद और हरिओम ने गाड़ी का पीछा किया

प्रह्लाद और हरिओम ने उसका पीछा किया और गोहाना क्षेत्र में खानपुर खुर्द व आहुलाना गांव के बीच एक्सप्रेसवे पर उसे रुकवा लिया। कार से उतरकर प्रह्लाद एमजी हेक्टर सवार युवकों से गाड़ी को टक्कर मारने का कारण पूछा तो वे बहस करने लगे और गोली चला दी। गोली प्रह्लाद की बाजू में जा लगी और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देकर हमलावर गाड़ी सहित फरार हो गए। हरिओम उसे रोहतक के एक निजी अस्पताल लेकर गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसे पीजीआई रोहतक ले जाया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहां पर तीन खोल मिले। सीसीटीवी की फुटेज खंगाली गई, जिसमें हमलावरों की गाड़ी नजर आई।

## कुलगाम में आतंकी हमला, 3 सीआरपीएफ जवान घायल

**बाइक सवार 30 राउंड फायर करके भागे**

**तीनों सीआरपीएफ की 46वीं बटालियन में तैनात**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर फायरिंग कर दी। आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें हमलावर 15 सेकेंड के अंदर करीब 30 राउंड फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। घटना करीब 2:15 बजे की है। इसमें तीन जवान घायल हो गए। उन्हें अनंतनाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल जवानों की पहचान हेड कॉन्स्टेबल सोमवीर और कॉन्स्टेबल संतानो और राकेश दास के तौर पर हुई है। तीनों सीआरपीएफ की 46वीं बटालियन में तैनात हैं। एक जवान के पैर, दूसरे के हाथ और तीसरे की पीठ में गोली लगी है। फायरिंग के बाद हमलावर फरार हो गए।

### दो पुलिस जवान लापता

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में बुधवार दोपहर दो एसपीओ लापता हो गए। ये दोनों पेट्रोलिंग कर रहे थे। ढेरना पोस्ट की ओर जाते समय उनके मोबाइल स्विच ऑफ हो गए। ठीक उसी समय गोलीबारी की आवाज भी सुनाई दी। सुरक्षाबल दोनों की तलाश में जुटे हैं।

**दूसरी लाइन पर लेने के दौरान हादसा**

## असम में पटरी से उतरी ट्रेन, 50 पैसेंजर घायल

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के कामरूप में बुधवार सुबह करीब 6:54 बजे कोलकाता-सैरंग एक्सप्रेस का इंजन और 5 डिब्बे पटरी से उतर गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे में 50 पैसेंजर घायल हुए हैं। हालांकि रेलवे का कहना है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुताबिक, डिगारू स्टेशन पर ट्रेन को दूसरी लाइन पर लेने के दौरान लोको पायलट स्पीड कम नहीं कर सका, इससे ट्रेन डेड एंड पर लगे बैरिकेड्स से टकरा गई। 45 सेकेंड के वीडियो में इंजन के लोको पायलट केबिन का अंदरूनी हिस्सा दिखाई दे रहा है।



**उड़ान से पहले टॉयलेट में मिला नोट**

## एअर इंडिया की फ्लाइट को हाईजैक की धमकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एअर इंडिया की कोलकाता-मुंबई फ्लाइट को बुधवार सुबह हाईजैक करने की धमकी मिली। विमान के टॉयलेट में मिले एक नोट में लिखा था कि सुबह 11:10 बजे प्लेन हाईजैक कर लिया जाएगा। नोट मिलते ही क्रू ने पायलट को इसकी जानकारी दी। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को अलर्ट किया। इसके बाद विमान को कोलकाता एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में ले जाया गया। यहां सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की जांच शुरू की।



लिखा- 11.10 बजे प्लेन को हाईजैक कर लिया जाएगा

**मॉर्निंग वॉक करते समय हुए बेहोश**

## पूर्व-उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक दौरान बेहोश होकर गिर पड़े। इसके बाद उन्हें नई दिल्ली में एम्स में भर्ती कराया गया। सुरक्षाकर्मी उन्हें पीसीआर वाहन से घर ले गए। धनखड़ कुछ मिनट तक बेहोश रहे। बाद में तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एम्बुलेंस से एम्स ले जाया गया। 75 साल धनखड़ को कार्डियो-न्यूरो सेंटर में भर्ती किया गया है। वे कार्डियोलॉजी विभाग में हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है।



पिछले वर्ष लगा था स्टेंट, कार्डियोलॉजी विभाग में एडमिट

**केंद्रीय कैबिनेट ने किसानों के लिए खोला खजाना, खाद की कीमतों पर ब्रेक**

## खाद पर 62,370 करोड़ की सब्सिडी, डीएपी का 50 किलो बैग 1,350 में ही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने किसानों और छोटे कारोबारियों को राहत देने के लिए बुधवार को दो अहम फैसले किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रबी सीजन 2026-27 के लिए फास्फेट और पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की नई दरों को मंजूरी दी गई। इसके तहत केंद्र सरकार किसानों को करीब 62,370 करोड़ रुपए की सब्सिडी देगी। यह राशि पिछले रबी सीजन 2025-26 की तुलना में 24,418 करोड़ रुपए अधिक है। सरकार के फैसले से डीएपी (डाय-अमोनियम फास्फेट) की 50 किलो की बोरी की कीमत 1,350 ही बनी रहेगी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। सरकार ने सब्सिडी के जरिए किसानों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने देने का फैसला किया है। नई सब्सिडी दरें एक अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक लागू रहेंगी। वहीं, एक अन्य फैसले में सरकार ने पीएमएमवाई के तहत कर्ज की ऋण गारंटी निधि को पांच साल बढ़ाकर 2031 तक करने की मंजूरी दे दी है। इसके तहत 5000 करोड़ का कोष निर्धारित किया है।



**कैबिनेट ने रबी सीजन 2026-27 के लिए नई दरों को दी मंजूरी**

### 8.449 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनेगा, पांच एलिवेटेड स्टेशन भी होंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के तहत एक्वा लाइन कॉरिडोर के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इसके तहत नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक 8.449 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा, जिसमें 5 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। इस कॉरिडोर के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क की कुल लंबाई 71.878 किलोमीटर हो जाएगी।इस परियोजना से नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बेहतर होगी। इससे शहर के उन इलाकों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जहां फिलहाल सार्वजनिक परिवहन की सीधी कनेक्टिविटी सीमित है। इसके अलावा, नोएडा सेक्टर-61 में ब्लू लाइन मेट्रो के साथ इंटरचेंज की सुविधा भी मिलेगी।

## पोता बंटवारे के बाद दादा की संपत्ति का दावेदार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अगर दादा की संपत्ति उनके कानूनी वारिसों में बंट चुकी है, तो पोता जन्म के आधार पर उसमें अपना हिस्सा नहीं मांग सकता। जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और जस्टिस सुनीता अग्रवाल की बेंच ने 1997 में एक नाबालिग पोते की तरफ से दायर बंटवारे का मुकदमा खारिज कर दिया। फैसला 6 नवंबर को सुनाया गया, जिसकी जानकारी 11 नवंबर को सामने आई। मामला चेन्नई के 1,811 स्क्वायर फीट के एक मकान / प्लॉट का था। पोते का दावा था कि उसे जन्म से ही दादा की संपत्ति में कोपार्सनरी हक मिला है, इसलिए उसे भी हिस्सा मिलना चाहिए। यह मुकदमा नाबालिग पोते की ओर से दायर किया गया था। सुप्रीम कोर्ट बोला- ऐसा नहीं होगा, क्योंकि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 8 के तहत पिता को मिला हिस्सा पहले ही उसकी व्यक्तिगत संपत्ति बन गया था।



बोला-वारिसों में बंटवारे के बाद पिता का हिस्सा निजी संपत्ति

**गुरुग्राम स्थित संधार कंपनी में बड़ा हादसा**

## लिथियम गैस की चपेट में आए कर्मचारी, 3 की मौत

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** भौंडसी थाना क्षेत्र के जेल रोड पर स्थित संधार कंपनी में बुधवार की दोपहर बड़ा हादसा हो गया। कंपनी में काम करने के दौरान तीन वर्कर अचानक अनियंत्रित होकर केमिकल टैंक में मौजूद लिथियम गैस के संपर्क में आ गए। टैंक में मौजूद जहरीले रसायन और गैस के असर से तीनों बेहोश हो गए। परिसर में चीख-पुकार मचने के बाद तीनों को आनन-फानन में बाहर निकाला गया और तुरंत इलाज के लिए एकता हॉस्पिटल, बादशाहपुर ले जाया गया।

**जहरीले रसायन और गैस के असर से तीनों बेहोश हो गए**

### मृतकों में दो बिहार के रहने वाले

एकता अस्पताल में तीनों की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और बेहतर इलाज के लिए तुरंत पार्क अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बाद भी उनकी जान नहीं बचाई जा सकी और इलाज के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस और अस्पताल प्रशासन के अनुसार मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर (बिहार) निवासी 21 वर्षीय आरीफ पुत्र मोहम्मद जाहुदीन, नवादा (बिहार) निवासी 20 वर्षीय अनिल झा पुत्र सुधाकर और बादशाहपुर की आर. आर. कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय नरेश कुमार पुत्र शिव लाल यादव के रूप में हुई है। घटना की सूचना पाकर भौंडसी थाना पुलिस की टीम तुरंत हरकत में आई और संधार कंपनी के साथ-साथ अस्पताल का दौरा किया।

**मौसम अलर्ट** देश में तीन बड़े सिस्टम एक साथ एक्टिव होने से बदलाव

**दिल्ली में एक्यूआई 322, बहुत खराब श्रेणी की हवा, जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में बर्फबारी सफेद चादर से ढके पहाड़**

## मैदानी इलाकों में प्रदूषण की मार, पहाड़ों पर बर्फबारी, बिहार में बारिश का अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में एक्स के आसपास सुबह 6:30 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 322 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 201 से 300 तक होने पर हवा खराब मानी जाती है। 301 से 400 तक बहुत खराब और 401 से 500 गंभीर श्रेणी होती है। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में ताजा बर्फबारी हुई। गुलमर्ग गोंडोला के फेज-1 के आसपास के पहाड़ बर्फ की सफेद चादर से ढक गए। मध्य प्रदेश के 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। अमरकंटक और करौंदी में पारा 12 डिग्री से नीचे चल रहा है।



मध्यप्रदेश में तापमान 12 डिग्री से नीचे पहुंचा

राजस्थान में दिन का तापमान 38°, दिल्ली एनसीआर में बढ़ी ठंड

बिहार में सुबह और रात को हल्की ठंड पड़ रही है, जबकि दोपहर में धूप के कारण गर्मी महसूस हो रही है। जमुई, मुंगेर और बांका समेत 5 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राजस्थान में मंगलवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 5 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि, दिन में अब भी गर्मी का असर बना हुआ है। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अधिकतम तापमान 35 से 38 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है।

**आगे ऐसा रहेगा मौसम**

**वेस्टर्न डिस्टर्बेंस :** पहाड़ों पर बर्फबारी होगी। 13 नवंबर तक वेस्टर्न हिमालयन रीजन में बारिश और बर्फबारी होगी। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड कश्मीर घाटी में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश / भारी बर्फबारी का अलर्ट है।

**दक्षिण भारत में भारी बारिश :** तमिलनाडु, केरलम, पुडुचेरी और कराईकल में 11 नवंबर को भारी बारिश, फिर 15-16 नवंबर को भारी बारिश का अलर्ट है। दक्षिण में ये बारिश नॉर्थ-ईस्ट मॉनसून की वजह से हो रही है, जो इस समय एक्टिव है।

**बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम :** साउथ-ईस्ट बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है। इसके बाद अगले 24 घंटे में ये और मजबूत हो जाएगा। इसका मतलब तमिलनाडु-केरल में 15-16 नवंबर वाली बारिश इसी सिस्टम की वजह से और तेज हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### विज्ञान शिक्षा संवर्धन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आज से

**चंडीगढ़।** सरकार ने बुनियादी एवं प्राकृतिक विज्ञान विषयों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए 'विज्ञान शिक्षा संवर्धन (पीओएसई) छात्रवृत्ति योजना 2026-27' के तहत 12 नवंबर से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में मेधावी छात्रों की रुचि बढ़ाना और उन्हें उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। पात्रता एवं अन्य विस्तृत दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए इच्छुक छात्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय, की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर छात्र टैब के माध्यम से योजना के दिशा-निर्देश देख सकते हैं।

### गोशालाओं को 361 करोड़ का अनुदान वितरित

**चंडीगढ़।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। राणा ने बताया कि राज्य की पंजीकृत गोशालाओं और नंदीशालाओं के गौवंश के साथ-साथ पुनर्वसित गौवंश के लिए चारा अनुदान हेतु अक्टूबर 2024 से नवंबर 2026 तक लगभग 361 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई है। इसके अतिरिक्त, दुग्ध प्रसंस्करण और पोषण को बढ़ावा देने के लिए पिस्ता और केसर फ्लेवर में दूध, जा-ज्वार के लड्डू, बाजरे के लड्डू और मैंगो लस्सी जैसे पौष्टिक उत्पादों को भी लॉन्च किया गया है।

### पुंडरी बस अड्डा कंडम घोषित, प्रवेश पर रोक

**चंडीगढ़।** प्रदेश के परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा पुंडरी बस अड्डे पर बसों के प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। मंत्री विज ने कहा कि उनके लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि, जर्जर बस अड्डे में बसों का प्रवेश तुरंत प्रभाव से बंद करा दिया है। हरियाणा कैथल पुंडरी स्थित करीब 50 साल पुराने बस अड्डा अब कंडम घोषित कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से करवाई जांच में बस अड्डे की इमारत को असुरक्षित पाया है। विभाग की रिपोर्ट के आधार पर विज ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कंडम घोषित कर दिया।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 14वीं स्टेट प्रगति पोर्टल की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

# इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा परियोजनाओं में देरी करने वाले ठेकेदारों पर लगेगी पेनल्टी

प्रदेश में 75 करोड़ से अधिक लागत वाली प्रमुख परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



विकास परियोजनाओं में देरी करने वाले ठेकेदारों पर सरकार सख्त हो गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रमुख विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं के कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन परियोजनाओं के कार्य में देरी हो रही है, उनके लिए जिम्मेदार ठेकेदारों पर नियमानुसार पेनल्टी लगाई जाए। इसके अलावा, जो ठेकेदार बार-बार कार्य में देरी करते हैं या निर्धारित मानकों के अनुरूप काम नहीं करते, उन्हें भविष्य में नए कार्य आवंटित न किए जाएं। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में आयोजित 14वीं स्टेट प्रगति पोर्टल की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रदेश में चल रही 75 करोड़ से अधिक लागत वाली प्रमुख बुनियादी ढांचा और ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए परियोजनाओं में आने वाली बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करें, ताकि विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके।मुख्यमंत्री ने आरडीएसएस योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में चल रही ऊर्जा परियोजनाओं की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि सोहना डिविजन में बिजली वितरण प्रणाली के लॉस कम करने से संबंधित कार्य 93 प्रतिशत पूरा हो चुका है। करनाल में एपी कनेक्शन और वीजीएस योजना के तहत ट्रांसफार्मर तथा एच-पोल लगाने का कार्य 61 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसी प्रकार, पंचकूला जोन में आरडीएसएस के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति 65.69 प्रतिशत है। इन कार्यों के तहत पुरानी बिजली लाइनों को बदलने और बिजली वितरण प्रणाली की क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा अन्य विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई।

### गुरुग्राम ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा

गुरुग्राम ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट (फेज-I) की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि परियोजना का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पटौदी रोड तथा सेंट्रल पेरिफेरल रोड से जोड़ने वाली सड़कों के टेंडर और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। इसी प्रकार, श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की स्थापना से संबंधित परियोजना की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम के माध्यम से कार्यान्वित इस परियोजना के लिए टेंडर जारी किया जा चुका है और ठेकेदार के साथ अनुबंध भी कर लिया गया है। बैठक में ईएमसी सोहना और आईएमटी सोहना की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि ईएमसी सोहना परियोजना में 77 प्रतिशत प्रगति दर्ज की जा चुकी है। यहां सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है।वहीं, आईएमटी सोहना परियोजना में 70 प्रतिशत प्रगति हासिल की गई है। यहां वाटर वर्क्स टावर और मुख्य सड़कों का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने की ओर है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ निवेशकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### विकास कार्यों के टेंडर में तेजी के लिए अलग कॉरपोरेशन बनेगा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महत्वपूर्ण विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया को तेजी से सिरे चढ़ाने के लिए सिंगापुर की तर्ज पर अलग से कॉरपोरेशन बनाया जाए जो सभी विभागों के बड़े व महत्वपूर्ण टेंडरों की प्रक्रिया को बिना देरी पूरा करवाए। मुख्यमंत्री ने यह बात बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में अगले वित्त वर्ष के बजट की तैयारियों के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष के विभागवार खर्च की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने सभी विभागों को अलॉट किए गए बजट के खर्च की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करवाया जाए ताकि अलॉट किए गए बजट का चालू वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले समुचित उपयोग हो सके। समीक्षा बैठक में कुछ विभागों के टेंडरों में देरी का मामला संज्ञान में आने पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों की प्रवृति के अनुरूप नया कॉरपोरेशन बनाने के साथ-साथ कंसल्टेंट कंपनियों को सूचीबद्ध करने तथा टाउनशिप कंसल्टेंट हायर करने के विकल्प अपनाए जाएं।

### प्रदेश में खुलेंगी 2,651 फेयर प्राइस शॉप्स महिलाओं को मिलेगा 33% आरक्षण

**चंडीगढ़।** प्रदेश में गरीब और पात्र परिवारों के लिए राशन डिपो की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने राज्यभर में 2,651 उचित मूल्य की दुकानें खोलने का निर्णय लिया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने प्रदेश में खाली पड़ी 2,651 उचित मूल्य की दुकानों (फेयर प्राइस शॉप्स) के लिए लाइसेंस के लिए ऑनलाइन करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया है। अब इच्छुक आवेदक 25 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं, जबकि पहले इसकी अंतिम तिथि 10 नवंबर निर्धारित थी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि फेयर प्राइस शॉप्स के आवेदन में महिलाओं को 33% आरक्षण का प्रावधान किया गया है।


**टेण्डर नोटिस**

जिला खेल कार्यालय, रोहतक द्वारा निम्न विवरण अनुसार खेलों के खेल सामान की खरीद की जानी है:-

| क्र. सं. | खेल का नाम | खेल सामान | खेल उपकरणों की खरीद पर खर्च की जाने वाली राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | बास्केटबाल | बास्केटबाल (रबड व लैदर) व बास्केटबाल नेट | 90000/- |
| 2 | फुटबाल | फुटबाल व फुटबाल नेट | 90000/- |
| 3 | हॉकी | हॉकी स्टीक व हॉकी बाल | 90000/- |
| 4 | बैडमिन्टन | रैकेट व शटल कॉक्स | 90000/- |
| 5 | बॉक्सिंग | बॉक्सिंग ग्लब्स | 90000/- |
| 6 | जनरल आईटम | मैडिशियन बॉल, स्कीपिंग रोप | 50000/- |

अतः सम्बन्धित इच्छुक फर्म उक्त विवरण अनुसार खेल सामान के सैम्पल सहित अपनी दर कुटेशन बन्द लिफाफे में जिला खेल अधिकारी कार्यालय, सर छोटूराम स्टेडियम, रोहतक में दिनांक 18.11.2026 तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। आप द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सैम्पल की गुणवता व दर कुटेशनों का निरीक्षण करने उपरान्त गठित कमेटी द्वारा निर्णय लेते हुए खेल सामान की खरीद हेतु सम्बन्धित फर्म को खेल सामान की संख्या अनुसार खेल सामान उपलब्ध करवाने हेतु वर्क ऑर्डर दिए जाएंगे। खेल सामान की गुणवता / स्पेसिफिकेशन कम-से-कम राज्य/राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के खेल सामान अनुसार होनी चाहिए तथा सम्बन्धित फर्म प्रत्येक खेल सामान का केवल एक ही सैम्पल कार्यालय में प्रस्तुत करें।

E-Mail:- dsortk@gmail.com Sd/- District Sports Officer Rohtak



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी बलवान सिंह, पुत्रः** स्वर्गीय रामपत, **पताः** मकान नंबर ए–28, फेज–II, बुद्ध विहार, दिल्ली **एवंः** क्वार्टर नंबर 837, सेक्टर 3, आर.के. पुरम, दिल्ली। **स्थायी पताः** मकान नंबर ए–93, पुलिस हाउसिंग क्वार्टर सोसाइटी, सोनीपत, हरियाणा। **FIR No. 1150/17, U/s: 354/509/354A IPC थानाः विजय विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलवान सिंह,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलवान सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **बलवान सिंह, FIR No. 1150/17, U/s: 354/509/354A IPC थानाः विजय विहार, दिल्ली,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या सिंह,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(महिला कोर्ट–01, उत्तर–पश्चिम),
कमरा नं. 106, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16228/RD/2026
(Court Matter)


### आउटसोर्सिंग कर्मियों को राहत 31 दिसंबर तक बढ़ी सेवाएं

**चंडीगढ़।** प्रदेश में आउटसोर्सिंग पॉलिसी के तहत कार्यरत कर्मचारियों की सेवाएं 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई हैं। सरकार ने आउटसोर्सिंग पॉलिसी के पार्ट-2 के तहत विभिन्न विभागों, बोर्डों एवं निगमों में कार्यरत कर्मचारियों की अनुबंध अवधि दो माह के लिए बढ़ा दी है। अब इन कर्मचारियों की सेवाएं 31 दिसंबर, 2026 तक जारी रहेंगी। यह विस्तार 1 नवंबर से प्रभावी होगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, स्वीकृत पदों के विरुद्ध आउटसोर्सिंग पॉलिसी के पार्ट-2 के तहत नियुक्त कर्मचारियों की अनुबंध अवधि पहले 31 अक्टूबर, 2026 तक बढ़ाई गई थी। अब सरकार ने मामले पर पुनर्विचार करते हुए इसे आगामी दो माह के लिए और बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से विभिन्न विभागों, बोर्डों एवं निगमों में तैनात कर्मचारियों की अनुबंध अवधि भी दो माह के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2026 तक कर दी गई है।

#### 1.20 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को राहत

हरियाणा के विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों में अनुबंध के आधार पर लगभग 1.20 लाख से 1.28 लाख कर्मचारी कार्यरत हैं जो अलग अलग विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से ज्यादातर एचकेआरएन के तहत नियुक्त किए गए हैं।

### एससी-एसटी मामलों के निपटारे के लिए रोहतक सहित पांच जिलों में स्थापित होंगी स्पेशल कोर्ट

मामलों में 60 दिन में चार्जशीट दाखिल करने के निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने और उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पुलिस और प्रशासनिक अफसरों को कड़े निर्देश दिए हैं। मामलों के त्वरित निपटान को और गति देने के लिए मुख्यमंत्री ने हिसार, फरीदाबाद, पलवल, रोहतक और भिवानी में स्पेशल न्यायालय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन न्यायालयों के माध्यम से ऐसे मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्पेशल कोर्ट्स स्थापित करने की प्रक्रिया को गति से आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि एससी-एसटी से जुड़े प्रत्येक मामले में निर्धारित 60 दिनों की अवधि के भीतर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शत-प्रतिशत मामलों में इस समय-सीमा का पालन हो। पीड़ितों को न्याय दिलाने के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही, ढिलाई अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### लापरवाही बरतने पर 10 पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई

बैठक में बताया गया कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में लापरवाही बरतने के मामलों में 10 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। साथ ही, जिला एवं उपमंडल स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो मामलों की प्रगति, जांच और समयबद्ध निपटान की नियमित निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधों में कमी के साथ-साथ पीड़ितों को न्याय दिलाना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

FIR NO 292 DATE 08.11.2026 धारा 281,106 बी.एन.एस. थाना औद्योगिक क्षेत्र बड़ी जिला सोनीपत ।

**नाश की पहचान**

नाम- नामपता नामालूम ।
पिता का नाम-नामालूम।
पता- नामालूम।
कद-5 फुट 7 इंच ।
उम्र-करीब 30/35 वर्ष ।
हुलियाः- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल।
पहनावाः हरे रंग की गोल गले की टी-शर्ट जिस पर BROOKLYN EAST 007 लिखा है, काले रंग का लोवर पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.11.2026 की रात को एक नामपता नामालूम पुरुष की नाश डिवाईन सिटी गेट के सामने जी.टी रोड़ पर RSA में मिली है। नाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। नाश की शिनाख्त हेतु सिविल हस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे में कोई सुराग/सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. न. - 7419410541
अनुसंधान कर्ता मो. न.- 9991863360
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/5591/2027/50924/88/6 दि. 11.11.26


### छह शहरों में सीवरेज व पेयजल पर खर्च होंगे 278 करोड़ रुपये

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार द्वारा प्रदेश के आधा दर्जन शहरों को करोड़ों की सौगात देकर वहां पर सीवरेज और पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के अलावा शहरी सुंदरता में चार चांद लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए 278 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। इन शहरों की बात करें, तो पंचकूला, हिसार, अंबाला, गुरुग्राम, रोहतक और जगाधरी को शामिल किया गया है। इस क्रम में केवल सीवरेज पानी ही नहीं बल्कि पानी के शोधन के लिए सयंत्र स्थापित करने की योजना है। सीवरेज के नए प्रोजेक्ट के अलावा शहरों में सौंदर्यीकरण किया जाएगा। अगर बात करें, तो रोहतक शहर की सीवरेज व्यवस्था को ठीक करने का काम होगा सीवरेज लाइन सुधार के लिए 17 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च होगी। जबकि सिंहपुरा में 16 करोड़ जबकि सुखपुरा में 15 करोड़ की राशि खर्च होगी। अंबाला के शहजादपुर में 48 करोड़ की लागत से शहर में सीवरेज लाइन के अलावा तीन एमएलडी क्षमता वाला मल शोधन संयंत्र लगाया जाएगा। जबकि जगाधरी में सीवरेज की समस्या को समाप्त किया जाएगा और 24 करोड़ का बड़ा बजट दिया गया है।

### हाईकोर्ट ने गुरुग्राम फैमिली कोर्ट के एक फैसले में कई त्रुटियों पर सवाल उठाए

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गुरुग्राम फैमिली कोर्ट के एक फैसले में कई त्रुटियों पर सवाल उठाए हैं। तलाक के लिए दायर याचिका को फैसले में दो लाख मासिक गुजारा भत्ता मांगने का मामला बताया गया था। हाईकोर्ट ने फैसला और डिक्री गुरुग्राम सत्र मंडल के प्रशासनिक जज के संज्ञान में लाने का निर्देश दिया है। जस्टिस अलका सरीन और जस्टिस मोनिका छिब्बर शर्मा की खंडपीठ वैवाहिक विवाद से जुड़ी अपील पर सुनवाई कर रही थी। अपीलकर्ता के वकील ने बताया कि गुरुग्राम की प्रधान न्यायाधीश, फैमिली कोर्ट ने 30 जुलाई को जो फैसला और डिक्री पारित की, उसमें कई स्पष्ट त्रुटियां हैं। अपील के अनुसारमूल याचिका हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत विवाह विच्छेद के लिए दायर की गई थी। इसके बावजूद फैसले की शुरुआती पंक्तियों में इसे दो लाख रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता मांगने वाली याचिका बताया गया। डिक्री शीट में भी इसे दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ते की याचिका दर्ज की गई।अपीलकर्ता के वकील ने कहा कि फैमिली कोर्ट ने लिखित जवाब के पांच पैराग्राफ बिना बदलाव फैसले में दोहरा दिए।

■ तलाक याचिका को दो लाख रुपये मासिक गुजारा भत्ते का मामला बताया

#### आरडब्ल्यूए को 10 करोड़ लौटाने के आदेश पर राहत

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि रियल एस्टेट (नियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के तहत अपील सुनने के लिए 100 प्रतिशत अग्रिम जमा करने की शर्त तभी लागू होती है, जब भुगतान किसी व्यक्तिगत आवंटी को किया जाना हो। यह शर्त आवंटियों की एसोसिएशन को भुगतान के मामले में लागू नहीं होती। अब बिल्डर को रेरा के आदेश को चुनौती देने के लिए पूरी रकम पहले जमा नहीं करनी होगी। जस्टिस जगमोहन बंसल ने फरीदाबाद की एक रियल एस्टेट परियोजना से जुड़े मामले में यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने हरियाणा रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण का सात अगस्त का आदेश रद्द कर दिया।


**उत्तर रेलवे**

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

नीलामी केटलॉग सं.: UMB-MIX-47-2026 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस आकार – 10' X6' वर्ग फीट

| क्र. सं. | लॉट नं. | विवरण | नीलामी शुरू होने की तारीख और समय | नीलामी बंद होने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-KNN-SMU-166-25-1 | खानपान– स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) खानपान स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म संख्या–1 पर अनुसूचित जाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध मे शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा खन्ना (KNN) रेलवे स्टेशन पर। | 12.11.2026 को 12:00 बजे | 12.11.2026 को 12:30 बजे |
| 2. | Catg-UMB-RPAR-SMU-184-26-1 | खानपान स्पेशल माइनर यूनिट खानपान (एसएमयू) स्टॉल नंबर–2, प्लेटफॉर्म संख्या–1, अल्पसंख्यक महिला श्रेणी के लिए रूप नगर (RPAR) रेलवे स्टेशन पर। | 12.11.2026 को 12:00 बजे | 12.11.2026 को 12:40 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।
No: NR-UMB0COML(CG)/4/2023 Dated: 10 November, 2026 3933/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| लॉट संख्या | विवरण | नीलामी प्रारंभ तिथि/ समय |
|---|---|---|
| ADVT-UMB-UBC-OSD-397-26-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर 12' x 12' अर्थात 144 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली एक वीडियो वॉल के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) तीन वर्ष की अवधि के लिए (स्थल योजना के अनुसार)। | 16.11.2026 12.00.00 hrs |
| ADVT-UMB-UBC-OSN-396-26-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर कुल 802 वर्ग फुट क्षेत्रफल को कवर करने वाले 14 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन (गैर–डिजिटल) (स्थल योजना के अनुसार)। | 16.11.2026 12.00.00 hrs |
| ADVT-UMB-SIR-OH-394-26-1 | स्थल योजना के अनुसार, 12 स्थानों पर यूनिपोल/ होर्डिंग वाले 06 साइटों का कुल विज्ञापन क्षेत्रफल 1040 वर्ग फुट है। ये साइटें अंबाला मंडल के SIR-DOA खंड में समपार फाटकों/ आर.यू.बी./ एल.एच.एस./ आर.ओ.बी. पर स्थित हैं। | 18.11.2026 12.00.00 hrs |
| ADVT-UMB-BTI-OSD-391-26-1 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 10'x8' अर्थात 80 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली 01 वीडियो वॉल के माध्यम से तीन वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल)। | 18.11.2026 12.00.00 hrs |
| ADVT-UMB-UMB-OSD-393-26-1 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 86 इंच क्षेत्रफल वाली 01 एलईडी स्क्रीन के माध्यम से तीन वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल)। | 18.11.2026 12.00.00 hrs |
| ADVT-UMB- BTI-OSN-377-26-1 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु 1014 वर्ग फुट स्थान (स्थल योजना के अनुसार)। | 18.11.2026 12.00.00 hrs |
| ADVT-UMB- SIR-OSN-379-26-1 | खन्ना (KNN) रेलवे स्टेशन पर 24 इंच व्यास वाले 14 नॉन–डिजिटल गोलाकार विज्ञापन बोर्डों तथा सरहिंद (SIR) रेलवे स्टेशन पर 18 इंच व्यास वाले 20 नॉन. डिजिटल गोलाकार विज्ञापन बोर्डों से युक्त नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु स्थान (स्थल योजना के अनुसार)। | 18.11.2026 12.00.00 hrs |
| ADVT-UMB-KLK-OSN-380-26-1 | कालका (KLK) रेलवे स्टेशन पर 24 इंच व्यास वाले 22 नॉन–डिजिटल गोलाकार विज्ञापन बोर्डों तथा प्रत्येक 25 मीटर x 1 मीटर आकार अर्थात प्रत्येक का क्षेत्रफल 2.5 वर्ग मीटर वाले 4 बोर्डों से युक्त नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु स्थान। | 18.11.2026 12.00.00 hrs |
| ADVT-UMB- KDZ-OSN-376-26-1 | नैरो गेज (कालका–शिमला) खंड पर कंडाघाट (240 वर्ग फुट), तारादेवी (300 वर्ग फुट), सालोगढ़ा (240 वर्ग फुट), कैथलीघाट (480 वर्ग फुट), शोघी (240 वर्ग फुट) रेलवे स्टेशनों पर नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु स्थान (स्थल योजना के अनुसार)। | 18.11.2026 12.00.00 hrs |

नीलामी/ लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेब साईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3950/2026


### मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने विधायकों व अन्य नेताओं से की चर्चा

# एसआईआर पर भाजपा सक्रिय, हर पात्र मतदाता का नाम सूची में जुड़वाने का लक्ष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी सक्रियता तेज कर दी है। पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बने रहें और छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम नियमानुसार सूची में शामिल किए जा सकें, इसके लिए भाजपा प्रदेशभर में सघन अभियान चलाएगी। अभियान के तहत अनुपस्थित और स्थानांतरित और संपर्क नहीं हो पाने वाले मतदाताओं की पहचान कर उनकी वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। साथ ही पात्र नागरिकों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस अभियान की रणनीति को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विधायकों, पूर्व प्रत्याशियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों और बीएलए-1 के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। बूथों पर बीएलए-2 के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा।

#### मताधिकार की रक्षा को लोकतंत्र के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी



इसी क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने बुधवार को प्रदेशवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के नाम एक खुला पत्र जारी कर मताधिकार की रक्षा को लोकतंत्र के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक सामान्य नागरिक के वोट का महत्व देश के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति के वोट के बराबर है। मताधिकार केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि नागरिक के सम्मान, समानता और राष्ट्र के भविष्य के निर्धारण में उसकी भागीदारी का प्रतीक है। इसलिए किसी भी पात्र नागरिक का नाम केवल तकनीकी या प्रक्रियागत कारणों से मतदाता सूची से नहीं छूटना चाहिए। डॉ. अर्चना गुप्ता ने अपने पत्र में 24 जुलाई 2026 की प्रारंभिक एसआईआर स्टेटस रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश में 33 लाख 83 हजार 302 मतदाताओं के गणना फॉर्म प्राप्त नहीं हुए थे।

### वोट बचाओ-देश बचाओ चौपाल आज से : राव

**चंडीगढ़।** लोकतंत्र की रक्षा, जनता के मतदान के अधिकारों की सुरक्षा और कथित चुनावी धांधली को बेनकाब करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रदेशव्यापी पहल करते हुए, हरियाणा कांग्रेस 12 से 24 नवंबर तक पूरे हरियाणा में गहन एवं व्यापक वोट बचाओ – देश बचाओ' चौपाल अभियान शुरू करेगी। हरियाणा एआईसीसी प्रभारी संजय दत्त और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह दो सप्ताह तक प्रदेश के व्यापक दौरे पर रहेंगे और विभिन्न जिलों में आयोजित चौपालों में भाग लेकर सीधे जनता

## खबर संक्षेप

### पंचकूला में बीएड की छात्रा ने किया सुसाइड

**पंचकूला।** कालका शहर की बसंत कॉलोनी में मंगलवार रात 19 वर्षीय



बीएड की छात्रा नित्या शर्मा ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार घर पर ही मौजूद था। नित्या सोनीपत से बीएड की पढ़ाई कर रही थी। परिवार के अनुसार, किसी प्रकार से मानसिक तौर पर भी उनकी बेटी परेशान नहीं दिखाई दी थी। नित्या के पिता विपिन कुमार] हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित एक फार्मा कंपनी में कार्यरत हैं। परिजनों ने बताया कि बुधवार को नित्या को वापस सोनीपत उसके हॉस्टल छोड़ने जाना था।

### सैनिक स्कूल कुंजपुरा के लिए 2 तक करें आवेदन

**कैथल।** सैनिक स्कूल कुंजपुरा में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी और नौवीं में प्रवेश के लिए ऑल इंडिया सैनिक स्कूल्स एंट्रेंस एग्जाम के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक विद्यार्थी 2 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी सैनिक स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल शैलजा डोगरा ने दी।

### गोरक्षकों पर की फायरिंग सड़क पर फेंके गोवंश

**गुरुग्राम।** रात के अंधेरे में गोतस्करों और बजरंग दल की गोरक्षक टीम के बीच मुठभेड़ हो गई। भोंडसी के पास रात करीब ढाई बजे गोवंश से लदी एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी का पीछा कर रहे गोरक्षकों पर तस्करों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। चंद्रशेखर फार्म के पास हुई इस वारदात में बजरंग दल की टीम ने तस्करों को चारों तरफ से घेरने की कोशिश की, जिसके बाद तस्कर चलती गाड़ी से ही गायों को सड़क पर फेंककर भाग गए।

## बहादुरगढ़ में चालान से बचने को बिना हेलमेट पहने युवकों ने दौड़ाई जानलेवा बाइक

# नाके पर बाइक रुकवा रहे एएसआई को सीधी टक्कर मारी, सिर में चोट से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



खरखौदा के गांव पिपली के रहने वाले थे एएसआई राकेश, एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

शहर में नाकेबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार युवकों को रोकने की कोशिश कर रहे यातायात पुलिस के थानेदार राकेश की हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने पुलिसकर्मी को सीधी टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट आई। एएसआई राकेश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, ट्रैफिक पुलिस की टीम बहादुरगढ़ में रोहतक रोड पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे दो युवकों को पुलिसकर्मी ने रुकने का इशारा किया। आरोप है कि मोटरसाइकिल सवार युवकों ने रुकने के बजाय एएसआई राकेश को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोट आई। घायल थानेदार को पहले सिविल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया। साथी पुलिसकर्मी उन्हें लेकर ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी शुभम सिंह और एसीपी प्रदीप खत्री भी मौके पर पहुंचे। बता दें कि मृतक एएसआई राकेश मूल रूप से खरखौदा के गांव पिपली के रहने वाले थे। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सवार एक युवक को पकड़ लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

### कार ने दंपती को कुचला, जज ने छुड़वाया अस्पताल, पत्नी की मौत

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** जिले के गांव खरककलां में स्कूटी सवार दंपती को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे



पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश हरसिमरन सिंह सेठी ने घायलों को उपचार के लिए अपनी सरकारी पायलट गाड़ी से अस्पताल में पहुंचवाया। यहां चिकित्सकों ने घायल पत्नी को मृत घोषित कर दिया, वहीं पति का हिसार के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। गांव खरककलां निवासी जयप्रकाश उसके बड़े भाई का बेटा करीब 37 वर्षीय हितेश व 32 वर्षीय पुत्रवधु सोनिया मंगलवार को मंदिर में पूजा अर्चना के लिए गए थे। पूजा के बाद दोनों इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर वापस आ रहे थे। इसी दौरान खरककलां बस अड्डे के नजदीक स्कूल के पास पीछे से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि कार राजस्थान नंबर की थी और काफी तेज रफ्तार में थी, जो भिवानी से रोहतक की तरफ जा रही थी। जयप्रकाश ने बताया कि हितेश ट्रांसपोर्ट में नौकरी करता है और सोनिया गांव कलिंगा के प्राइवेट स्कूल में टीचर थी। दोनों के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और छोटा बेटा है। बड़ी बेटी की उम्र 13 साल, दूसरी बेटी की उम्र 11 साल व छोटे बेटे की उम्र 7 साल है। हादसे से परिवार में मातम छाया हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार चालक नशे में था, इसलिए कार चालक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं प्रशासन द्वारा परिवार की आर्थिक मदद भी की जाए। खरककलां पुलिस चौकी के एसआई सीताराम ने बताया कि मृतक महिला के पति हितेश के भाई मुकेश के बयान पर केस दर्ज किया है। आरोपी कार को मौके पर छोड़कर भाग गए थे। कार को कब्जे में ले लिया है।



शाहबाद। व्यापारी रॉबिन गुप्ता, पत्नी व बेटे के साथ।

### ट्रक में टकराई थार, मां और 3 वर्षीय बेटे की मौत, व्यापारी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

शाहबाद के प्रमुख व्यापारी रॉबिन गुप्ता के परिवार पर मंगलवार रात दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। 10 नवंबर की रात मथाना (कुरुक्षेत्र) में एक होटल में डिनर कर परिवार वापस लौट रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहबाद-कुरुक्षेत्र मार्ग पर आगे चल रहे एक ट्रक के चालक ने बिना किसी इंडीकेटर के अचानक अपनी गाड़ी को दाईं ओर मोड़ दिया और जोरदार ब्रेक लगा दिए। पीछे से आ रही रॉबिन गुप्ता की थार गाड़ी संभल नहीं सकी और सीधे ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई। इस दर्दनाक हादसे में रॉबिन गुप्ता की 26 वर्षीय पत्नी महक गुप्ता और उनके 3 वर्षीय मासूम बेटे विहान गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गाड़ी चला रहे व्यापारी रॉबिन गुप्ता भी इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### निर्माणाधीन सोसायटी के तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत, लापरवाही पर केस

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।।** सेक्टर-71 के फाजिलपुर में एक निर्माणाधीन सोसायटी के खुले कच्चे तालाब में डूबने से दो 12 वर्षीय बच्चियों की मौत हो गई। दोनों बच्चियां मंगलवार दोपहर अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ तालाब में नहाने गई थीं।





जानकारी अनुसार, फाजिलपुर निवासी राम विनय महतो की बेटी साजन कुमारी और उनके रिश्तेदार की बेटी नैना कुमारी 10 नवंबर को दोपहर करीब 12:30 से एक बजे के बीच दो अन्य बच्चियों के साथ सेक्टर-71 स्थित कच्चे तालाब में नहाने गई थीं। इसी दौरान दोनों बच्चियां पानी में डूब गईं। सूचना पर बादशाहपुर थाना पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड वीर सिंह ने बताया कि सुपरवाइजर दोनों बच्चियों को निकालकर सेक्टर-10 स्थित अस्पताल ले गया है, जहां उनकी मौत हो गई। राम विनय महतो ने पुलिस को दी शिकायत में तालाब की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि तालाब के चारों तरफ कोई पक्की चारदीवारी नहीं बनाई गई थी। जमीन को घेरने के लिए केवल लोहे की तीन लगाई गई थी, लेकिन इनके बीच जगह छोड़ी हुई थी। इसी रास्ते से बच्चियां तालाब तक पहुंच गईं। बादशाहपुर थाना पुलिस ने राम विनय महतो की शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 106 और 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि तालाब की सुरक्षा व्यवस्था, घटनास्थल की परिस्थितियों और कथित लापरवाही के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच में जो भी व्यक्ति कानूनन जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### नाले में मिला नवजात, कुत्तों के भौंकने पर महिलाओं ने निकालकर बचाया

**पानीपत।** पानीपत की राजीव कॉलोनी में बुधवार सुबह बेरी वाली मस्जिद के पास नाले में एक नवजात बच्चा पड़ा मिला। कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों का ध्यान नाले की ओर गया। कुत्ते बच्चे को नोंचने का प्रयास कर रहे थे। इसके बाद महिलाओं ने नाले में उतरकर बच्चे को बाहर निकाला। राहत की बात रही कि उस समय बच्चे की सांसें चल रही थीं। स्थानीय निवासी पूजा के अनुसार घटना सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच की है। महिलाओं ने बच्चे को कपड़े में लपेटकर नाले की पुलिया पर रखा और डायल 112 पर सूचना दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बच्चा गर्भावस्था के करीब छह माह में जन्मा प्रीमैच्योर बताया जा रहा है और उसकी हालत नाजुक होने की आशंका है। सूचना पर डायल 112 की टीम और किला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। अब पुलिस बच्चे को नाले में फेंकने वाले की पहचान के लिए जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे। वहीं, आसपास के अस्पतालों के रिकॉर्ड से भी जांच करने के उच्च अधिकारियों ने टीम को निर्देश दिए हैं।

### 7 हजार रिश्वत में पटवारी व निजी सहायक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कबीरपुर में मकान का इंतकाल दर्ज करने के नाम पर रिश्वत मांगने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने हलका पटवारी और उसके निजी सहायक को गिरफ्तार किया है। बुधवार को भिवानी एसीबी की टीम ने पुरानी तहसील परिसर में कार्रवाई करते हुए पटवारी सुरेश कुमार के निजी सहायक साहिल को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए मौके पर पकड़ लिया। इसके बाद पटवारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी भिवानी के इंस्पेक्टर जगजीत सिंह के अनुसार शिकायतकर्ता का कबीरपुर में चार मरला तीन सरसाई का मकान है। वह मकान का इंतकाल अपने नाम दर्ज करवाना चाहता था। इसके लिए वह हलका पटवारी सुरेश कुमार और उसके



निजी सहायक साहिल के संपर्क में आया। आरोप है कि इंतकाल दर्ज करने और उसकी फोटो प्रति देने के बदले सात हजार रुपये मांगे गए थे। कार्रवाई के दौरान हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भिवानी के एक्सईएन निखिल राठी बतौर राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे। दोनों के खिलाफ रोहतक स्थित एसीबी थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### कैथल में एक ही रात में पराली जलाने पर 24 किसानों के खिलाफ केस दर्ज

**कैथल ( हरिभूमि न्यूज)।** जिला प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद जिले में पराली जलाने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। खेतों में फसल अवशेष जलाने के मामलों में पुलिस ने एक ही रात में 24 किसानों के खिलाफ केस दर्ज किए हैं। बता दें कि जिले में अब तक पराली जलाने के आरोप में 42 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। पराली जलाने के आरोप में जिन किसानों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, उनमें गांव कसौली के गुरमेल सिंह, टटियाना के बलदेव सिंह, सुगलपुर के महेंद्र सिंह, अहमदपुर के अमरजीत सिंह, बलबेहड़ा के भजन सिंह और पीडल के जंगीर सिंह शामिल हैं। पबनावा के ईश्वर सिंह, दबा के भूपेंद्र सिंह, प्रताप सिंह और जसविंदर सिंह के खिलाफ भी केस दर्ज किए गए हैं। इसी तरह खरोदी के महेंद्र सिंह और संतोख सिंह, हेमूमाजरा के रतन कुमार और हरप्रीत सिंह, भाटिया के मोहन सिंह, माजरी के अवतार सिंह और सुल्तानिया के फूला राम पर भी पराली जलाने के आरोप में कार्रवाई की गई है। फरल के जयचंद, ढूलयानी के अनिल, खेड़ी सिंबल के भारत, खेड़ी रायवाली के अशोक, भूना के सतविंदर सिंह और कांगथली के तारो के नाम भी कार्रवाई में शामिल हैं।



## खबर संक्षेप

### रुपया सात पैसे मजबूत होकर 93.70 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 93.70 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी पूंजी के निरंतर प्रवाह, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में नरमी की संभावना से रुपये को समर्थन मिला। आठ महीने के उच्च स्तर पर पहुंचने, एफपीआई की लिवाली से रुपये को मजबूती मिली।

### टाटा पावर का शुद्ध लाभ रिकॉर्ड 33 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** टाटा पावर का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 1,652 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को बताया कि उसके सभी कारोबारी क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से लाभ में वृद्धि हुई है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,245 करोड़ रुपये रहा था।

### बजाज हिंदुस्तान शुगर का घाटा 15.23% बढ़ा




**नई दिल्ली।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 15.23 प्रतिशत बढ़कर 121.28 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का चीनी कारोबार घाटे में है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी को 105.25 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

# बैंकों में बड़े पैमाने पर होगी छंटनी! एआई करेगा 70% से ज्यादा काम : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण इन दिनों कई लोगों की नौकरी जा रही है। खासतौर से आईटी सेक्टर में लोगों पर इसका बड़ा असर पड़ रहा है। तो वहीं अब आने वाले समय में बैंकिंग क्षेत्र में भी इसके कारण बड़ा बदलाव नजर आने वाला है।

■ एआई की मदद से अब बैंकों का समय और खर्च कम होगा

हाल ही में आई रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है। दरअसल मैकिंसे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एआई की मदद से बैंकों में जोखिम प्रबंधन से जुड़े 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक ऐसे काम अपने आप किए जा सकते हैं, जिन्हें अभी कर्मचारी हाथ से करते हैं।

## मैकिंसे ने जारी एक रिपोर्ट में किया खुलासा

### कर्मचारियों को मिलेगी ज्यादा जिम्मेदारी

मैकिंसे के मुताबिक, एआई से जो समय और संसाधन बचेंगे, उनका इस्तेमाल बैंक ज्यादा जरूरी कामों में कर सकते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि बैंक बची हुई कार्यक्षमता का लगभग आधा हिस्सा बेहतर विश्लेषण, जोखिम से जुड़ी सलाह और तेजी से फैसले लेने में लगा सकते हैं। बाकी संसाधनों का इस्तेमाल एआई तकनीक विकसित करने, डाटा की सुरक्षा और नई तकनीकी व्यवस्था बनाने में किया जा सकता है। इसका मतलब है कि बैंक कर्मचारियों को केवल दस्तावेजों की जांच करने की जगह ज्यादा जिम्मेदारी वाले कामों में लगाया जा सकता है।




**बैंकों को मिलेगा फायदा :** बैंक शुरुआती दौर में एआई को अपनाएंगे, उन्हें दूसरे बैंकों की तुलना में फायदा मिल सकता है। एआई की मदद से बैंक कम समय में बेहतर फैसले ले सकेंगे और अपने खर्च को कम कर सकेंगे। हालांकि, एआई को बड़े स्तर पर लागू करने के लिए बैंकों को मजबूत तकनीकी व्यवस्था, प्रशिक्षित कर्मचारी और डाटा की सुरक्षा के लिए स्पष्ट नियम बनाने होंगे।

### क्या नौकरियां खत्म होंगी

एआई के आने से बैंकिंग क्षेत्र में काम करने का तरीका बदल सकता है। जिन कामों में बार-बार एक जैसी प्रक्रिया दोहरानी पड़ती है, उनमें एआई का इस्तेमाल बढ़ सकता है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, मुश्किल मामलों का आकलन करना, जरूरी फैसले लेना और जोखिम से जुड़ी सलाह देना जैसे कामों में इंसानी भूमिका बनी रहेगी। बैंकों को ऐसे कर्मचारियों की जरूरत होगी, जिन्हें बैंकिंग और एआई दोनों की समझ हो। इसलिए कर्मचारियों के लिए नई तकनीक सीखना और अपने कौशल को बेहतर बनाना महत्वपूर्ण होगा।

### एआई से बैंकों में होंगे काम

बैंकों में जोखिम प्रबंधन का काम ये देखना होता है कि बैंक को किसी ग्राहक या कंपनी को कर्ज देने से कितना खतरा हो सकता है। इस काम में कर्मचारियों को कई तरह की जानकारी जुटानी पड़ती है और दस्तावेजों की जांच करनी पड़ती है। एआई की मदद से ग्राहकों और कंपनियों की वित्तीय जानकारी जुटाना, कर्ज से जुड़े दस्तावेज तैयार करना और उनकी जांच करना, नियमों के पालन हो रहा है या नहीं इसकी जांच करना, बैंक के ट्रांजैक्शन पर नजर रखना और साथ ही बैंकों में होने वाली धोखाधड़ी पर नजर रखने जैसे काम आसानी से हो सकते हैं।

**क्यों किया जा रहा बदलाव :** एआई की मदद से अब बैंकों का समय और खर्च कम होगा। साथ ही कर्मचारियों को ज्यादा जरूरी काम करने का मौका मिलेगा। हालांकि, इसका मतलब ये नहीं है कि बैंकों में 70 प्रतिशत कर्मचारियों की नौकरियां खत्म हो जाएंगी।

## चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमान किया व्यक्त

# मूडीज ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7% किया, वैश्विक जोखिमों को लेकर चेताया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान पहले के 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। एजेंसी ने कहा कि व्यापक आर्थिक गतिविधियों में तेजी, मजबूत खपत और ऊर्जा आपूर्ति के झटकों को झेलने की क्षमता से वृद्धि दर के अनुमान में यह बढ़ोतरी की गई है।

मूडीज रेटिंग्स ने अपनी 'वैश्विक व्यापक परिदृश्य 2027-28' रिपोर्ट में इस बात को लेकर आगाह भी किया कि निकट अवधि में आर्थिक वृद्धि के समक्ष जोखिम बने हुए हैं। घरेलू खपत बढ़ते और व्यापक होते महंगाई के दबाव के प्रति संवेदनशील बनी हुई है।

### खुदरा महंगाई 5.54 फीसदी पर

खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर, 2026 में बढ़कर 5.54 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दो से छह प्रतिशत के लक्ष्य दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है। इसके अलावा, कमजोर दक्षिण-पश्चिम मानसून और अल नीनो की परिस्थितियों से कृषि उत्पादन और ग्रामीण मांग प्रभावित हो सकती है।

### दुनिया का सबसे बड़ा तेल शोधन परिसर भारत में

*मूडीज ने कहा कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत तेल शोधन परिसर स्थित है। देश की बड़ी और आधुनिक तेल शोधन क्षमता ने ईंधन आपूर्ति में बाधाओं को सीमित रखने के साथ उसे परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का प्रमुख निर्यातक बनाए रखने में मदद की है।*




- पहले आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6 .5 प्रतिशत था
- झटकों को झेलने की क्षमता से वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया गया
- व्यापक होते महंगाई के दबाव के प्रति संवेदनशील बनी हुई

### ऊर्जा कीमतों का सामना बेहतर तरीके से

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत ने ऊर्जा कीमतों के झटके का सामना पहले के अनुमान से बेहतर तरीके से किया है। कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति के स्रोतों में विविधता तथा सरकारी समर्थन वाली पेट्रोलियम विपणन कंपनियों और कर कटौती के जरिये उपभोक्ताओं को तत्काल मूल्य वृद्धि से बचाने में मदद मिली है।

### वृद्धि दर का अनुमान अन्य संस्थाओं के अनुमानों के करीब

मूडीज का वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान अन्य प्रमुख संस्थाओं के अनुमानों के करीब है। आरबीआई और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन ने 7.1 प्रतिशत, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष , एशियाई विकास बैंक और एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सात प्रतिशत और फिच रेटिंग्स ने 6.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है।

### ब्याज दरें और बढ़ाए जाने की संभावना

हालांकि, मूडीज ने आगाह किया कि आरबीआई की ओर से ब्याज दरें और बढ़ाए जाने की संभावना के बीच सख्त मौद्रिक नीति निजी निवेश में सुधार की प्रक्रिया को धीमा कर सकती है। वैश्विक परिदृश्य पर एजेंसी ने कहा कि 2027 में प्रवेश करते समय उभरते बाजारों के समक्ष चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऊर्जा की ऊंची कीमतें, वैश्विक ब्याज दरों का ऊंचे स्तर पर बने रहना तथा व्यापार एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं महंगाई और वित्तपोषण का दबाव बढ़ा रही हैं।

### अक्टूबर में निवेशकों ने 33.8 अरब डॉलर निकाले

इसके अलावा, कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश से मिलने वाले प्रतिफल को लेकर चिंताएं भी बाजार में उतार-चढ़ाव की एक नई वजह बनी हैं। मूडीज ने इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल फाइनेंस के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि उभरते बाजारों से प्रवासी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्टूबर में 33.8 अरब डॉलर की निकासी की। सितंबर में भी 19.3 अरब डॉलर की निकासी हुई थी।

# सेंसेक्स 773 अंक चढ़कर नौ महीने के उच्चस्तर पर निफ्टी 25,250 के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निवेशकों को हुया 3 .45 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा
- विदेशी निवेशकों ने की भारी मात्रा में खरीदी
- कंपनियों के दूसरे तिमाही के नतीजे उम्मीद से बेहतर

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 773 अंक चढ़कर करीब नौ महीने के उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी 25,250 अंक के ऊपर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की लिवाली, कंपनियों के दूसरी तिमाही के उम्मीद से बेहतर नतीजों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला।

आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 3.45 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 772.75 अंक यानी 0.95 प्रतिशत चढ़कर 81,879.40 अंक पर बंद हुआ। यह इसका 26 फरवरी के बाद का सबसे ऊंचा बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,413.75 अंक चढ़कर 82,520.40 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 210.40 अंक बढ़त के साथ 25,255.05 अंक पर बंद हुआ। यह भी करीब नौ महीने का उच्चतम स्तर है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 5.25 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन में 4.37 प्रतिशत, ट्रेंट में 3.02 प्रतिशत, टाटा स्टील में 2.22 प्रतिशत, आईटीसी में 2.15 प्रतिशत और एक्सिस बैंक में 2.14 प्रतिशत की तेजी रही।

### ब्रेंट क्रूड 92 से 93 डॉलर प्रति बैरल के आसपास

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बाजार में तेजी के प्रमुख कारणों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार लिवाली शामिल है। ब्रेंट क्रूड का भाव 92-93 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है, जो हाल के उच्चस्तर से काफी नीचे है। इससे आयातित महंगाई को लेकर चिंताएं कम हुई हैं।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सोना 800 रु. टूटा व चांदी 5,000 रु. लुढ़की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। दिवाली की छुट्टियों के कारण कारोबार सुस्त रहने से सोना 800 रुपये टूटकर 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार के कारोबारी सत्र में 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को इसकी कीमत 800 रुपये घटकर 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। चांदी की कीमतें भी दो सत्र तक स्थिर रहने के बाद नीचे आईं। यह 5,000 रुपये लुढ़ककर 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि मंगलवार को इसका भाव 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "दिवाली की छुट्टियों के दौरान घरेलू कारोबार सुस्त रहने और कई स्थानीय बाजार बंद होने के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। गांधी ने कहा कि लगातार बनी महंगाई और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त मौद्रिक रुख के संकेतों से कीमती धातुओं का परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है।

# जीवन बीमा निगम का नया प्रीमियम 26 प्रतिशत बढ़ा




- अक्टूबर में बढ़कर 42,914 करोड़ रुपए
- एकमुश्त व गैर-एकमुश्त पॉलिसियों की बिक्री बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीवन बीमा कंपनियों ने अक्टूबर में नए कारोबार के प्रीमियम (एनबीपी) में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसकी वजह एकमुश्त और गैर-एकमुश्त प्रीमियम वाली पॉलिसियों, दोनों की अधिक बिक्री रही।

जीवन बीमा परिषद की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्टूबर में नया कारोबार बढ़कर 42,914 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 34,007 करोड़ रुपये था। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अक्टूबर में नए प्रीमियम के रूप में 25,316 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि अक्टूबर 2025 में यह राशि 19,274 करोड़ रुपये थी। इस तरह इसमें 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, निजी क्षेत्र की 26 बीमा कंपनियों ने 17,599 करोड़ रुपये जुटाए जबकि पिछले साल अक्टूबर में यह राशि 14,733 करोड़ रुपये थी। यह 20 प्रतिशत की वृद्धि है।

### निजी क्षेत्र की कंपनियों का भी प्रीमियम बढ़ा

निजी क्षेत्र की कंपनियों का व्यक्तिगत एकमुश्त प्रीमियम पिछले साल इसी महीने के 1,685 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,008 करोड़ रुपये हो गया। व्यक्तिगत गैर-एकमुश्त प्रीमियम भी पिछले साल की समान अवधि के 6,344 करोड़ रुपये से बढ़कर 6,666 करोड़ रुपये हो गया।

■ आईटी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है कॉग्निजेंट

# कॉग्निजेंट ने क्लॉड मॉडल के लिए 25,000 से ज्यादा पेशेवर लगाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कॉग्निजेंट ने मंगलवार को ''क्लॉड फ्रंटियर कैपेबिलिटी ग्रुप'' के गठन की घोषणा की। इस समूह में 25,000 से अधिक पेशेवर शामिल हैं, जो ग्राहकों के लिए क्लॉड सेवा उपलब्ध कराएंगे।

शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध आईटी कंपनी ने कहा कि यह समूह कार्यकुशलता, परिवर्तन और ग्राहकों की सफलता पर केंद्रित है तथा इसके पास उद्यमों के मुख्य कार्यों में एआई (कृत्रिम मेधा) को प्रायोगिक स्तर से निकालकर उत्पादन स्तर तक ले जाने की क्षमता है।

उद्यमों के पास अत्याधुनिक एआई क्षमताएं तो हैं, लेकिन व्यावसायिक लाभ हासिल करने में उन्हें अभी भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉग्निजेंट ने अपने पूरे कार्यबल में क्लॉड कौशल विकसित किया है। एंथ्रोपिक द्वारा निर्मित एआई सहायक क्लॉड पर कारोबारी इकाइयों और कॉरपोरेट कार्यों से जुड़े 44,000 से अधिक सहकर्मी पहले ही प्रशिक्षित या प्रमाणित हो चुके हैं। बयान में कहा गया, 'कॉग्निजेंट का नया क्लॉड फ्रंटियर कैपेबिलिटी ग्रुप एक समर्पित वैश्विक क्लॉड आपूर्ति संगठन के रूप में 25,000 से अधिक पेशेवरों को एक साथ लाता है।'

# एआई की दौड़ में भारत एक उभरती ताकत : बीसीजी



**नई दिल्ली।** भारत कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां इस प्रौद्योगिकी को अपनाने की अच्छी तैयारी है और इसके संभावित नुकसान का जोखिम भी अपेक्षाकृत कम है। परामर्श कंपनी बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। बीसीजी की 'एआई मैच्योरिटी मैट्रिक्स 2026' रिपोर्ट के मुताबिक, कुशल पेशेवरों और एआई विशेषज्ञों की बड़ी संख्या भारत को इस मामले में बढ़त देती है। रिपोर्ट में 75 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं का 33 मानकों पर आकलन किया गया है। इसमें भारत को चार श्रेणियों में दूसरी सबसे ऊंची श्रेणी 'राइजिंग कंटेंडर्स' यानी तेजी से उभरते दावेदारों में रखा गया है। इस श्रेणी के देश एआई अपनाने के लिए अच्छी तैयारी रखते हैं, लेकिन उनकी अर्थव्यवस्थाओं पर इसके संभावित असर का जोखिम अपेक्षाकृत कम है।

अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन ने जताई संभावना

# सस्ता होगा वैश्विक कच्चा तेल, 77 डॉलर पर आ सकता है भाव

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें और भी कम हो सकती हैं। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) का अनुमान है कि साल 2027 की चौथी तिमाही तक वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें घटकर औसतन 77 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकती हैं। हालांकि, ईआईए ने चेतावनी दी है कि शिपिंग मार्गों में लगातार रुकावटें आने से कीमतों में कोई स्थिरता नहीं रहेगी। ईआईए ने नवंबर 2026 के अपने 'शॉर्ट-टर्म एनर्जी आउटलुक' में अनुमान जताया है कि इस साल नवंबर और दिसंबर में ब्रेंट क्रूड की कीमतें लगभग 100 डॉलर प्रति बैरल बनी रहेंगी। इसके बाद, 2027 की दूसरी तिमाही में, जैसे-जैसे मिडिल ईस्ट में तेल के प्रोडक्शन में सुधार आएगा, कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ सकती हैं।

### क्रूड सस्ता होने का भारत पर असर?

भारत अपनी कुल तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करता है। अगर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 92 डॉलर से गिरकर 77 डॉलर प्रति बैरल पर आ जाएगी, तो देश में पेट्रोल-डीजल के सस्ता होने की उम्मीद कई गुना बढ़ जाती है। फ्यूल सस्ता होने से माल ढुलाई पर खर्च पहले के मुकाबले कम बैठेगा। इससे फल, सब्जियां, अनाज और रोजमर्रा के अन्य सामान सस्ते होंगे, जिससे खुदरा महंगाई काबू में रहेगी।

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6404

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | | ■ | 14 | 15 | ■ | 16 | 17 | |
| | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | | | ■ | 21 | | 22 | | 23 |
| ■ | | ■ | ■ | 24 | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | 27 | | 28 | | ■ | 29 | | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | | | ■ | |
| 33 | 34 | ■ | 35 | | | ■ | | ■ | 36 | |
| 37 | | | | ■ | 38 | | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 6403 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | रा | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| वा | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | रा | ■ | त | ■ | ■ | अ | ड़ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | भा |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | व |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |



## करौली के जंगलों में मौजूदगी की संभावना

# चीता मप्र से चंबल नदी पार कर राजस्थान पहुंचा

भाषा ▶▶ जयपुर

मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान से निकलकर 'केओएमजी-4' नामक चीता चंबल नदी पार कर राजस्थान पहुंच गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, 10 नवंबर को चीता गोटा घाट के रास्ते चंबल नदी पार कर राजस्थान के रणथंभौर क्षेत्र में पहुंचा। इसकी मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग ने उसकी निगरानी शुरू कर दी है। रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान के उप वन संरक्षक मानस सिंह के अनुसार, राजस्थान में प्रवेश करने के बाद चीता महाराजपुरा नाका, करनपुर रेंज में पहुंचा। अधिकारियों के अनुसार, चंबल नदी राजस्थान और



■ वन विभाग ने उसकी निगरानी शुरू की

मध्यप्रदेश के बीच प्राकृतिक सीमा बनाती है। ऐसे में चीते का नदी पार कर राजस्थान में आना वन्यजीवों के प्राकृतिक विचरण और उनके आवास क्षेत्र के विस्तार को भी दर्शाता है। कूनो से चंबल पार कर चीतों के राजस्थान पहुंचने की यह पहली घटना नहीं है तथा इससे पहले भी कई बार चीते राजस्थान के विभिन्न वन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस साल 14 फरवरी से 16 अप्रैल के बीच चार बार चीतों की राजस्थान में मौजूदगी दर्ज की गई।

### करौली सीमा में मौजूद

वर्तमान में चीते की 'लोकेशन' कानरदा क्षेत्र, महाराजपुर नाका में दर्ज की गई है। यह इलाका सवाई माधोपुर जिले की सीमा के नजदीक है, हालांकि चीता फिलहाल करौली जिले की सीमा में ही मौजूद है। उन्होंने बताया कि चीते की गतिविधियों पर राजस्थान वन विभाग और मध्यप्रदेश की चीता निगरानी टीम संयुक्त रूप से नजर रख रही हैं।

# दिल्ली में चार साल के बच्चे की सीवर में गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ 24 घंटे तक चले खोज अभियान के बाद शव को बरामद किया

बाहरी दिल्ली के रनहोला इलाके में चार साल के बच्चे की सीवर में गिरने से मौत हो गई है और करीब 24 घंटे तक चले खोज एवं बचाव अभियान के बाद उसका शव बुधवार को बरामद कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मंगलवार दोपहर बाद करीब 3:21 बजे रनहोला थाने को सूचना मिली कि खेलते समय एक बच्चा सीवर में गिर गया है जिसके बाद दमकल तथा एनडीआरएफ की टीम ने उसे तलाशना शुरू किया। अधिकारी ने बताया कि यह जगह गंदा नाला के किनारे स्थित है और नाले के साथ सर्विस रोड के पास सीवर लाइन गुजरती है।

### शव कई टुकड़ों में मिला

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि खोज अभियान के दौरान, बचाव दल बुधवार को नाले और सीवर लाइन के रास्ते आगे बढ़ते हुए निहाल विहार स्थित निलोठी जल शोधन संयंत्र तक पहुंचे, जहां बच्चे का शव टुकड़ों में मिला। शव को मौके से सावधानीपूर्वक निकालकर पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल भेज दिया गया है। बच्चे की पहचान की पुष्टि के लिए डीएनए जांच कराई जाएगी। पुलिस ने बताया कि चार वर्षीय बच्चे मां के साथ मोहन गार्डन में सोम बाजार वाली गली से दास गार्डन पार्क आया था तथा नाले की ओर जाते समय सीवर में गिर गया।

## महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में पनवेल की घटना

# पुलिस कांस्टेबल को कार से 200 मीटर घसीटा, गंभीर

भाषा ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में पनवेल के पास पुलिस के नियमित जांच अभियान के दौरान एक कार के बोनट पर लगभग 200 मीटर तक घसीटे जाने से एक पुलिस कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सोमवार रात कलमबोली इलाके में हुई और आरोपी को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। गंभीर रूप से घायल कांस्टेबल की पहचान दिलीप भोई के रूप में हुई है। उनके पैर की हड्डी टूट गई है और फिलहाल वह पास के एक अस्पताल में भर्ती है। प्रारंभिक रिपोर्ट



■ सिपाही के पैर की हड्डी टूटी, अस्पताल में भर्ती

और घटना के सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, पुलिसकर्मी एक नाकाबंदी पर वाहनों की जांच कर रहे थे, तभी उन्होंने एक तेज रफ्तार कार को रुकने का इशारा किया। चालक ने वाहन नहीं रोका, जिससे कार बेकाबू होकर पुलिसकर्मी से टकरा गई। अधिकारियों ने बताया कि

### नंबर प्लेट फर्जी निकली

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना में शामिल वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी, जिससे पुलिस के लिए वाहन का पता लगाना मुश्किल हो गया है। पुलिस की टीम आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं और गाड़ी के मालिक का पता लगाने व फरार संदिग्धों को पकड़ने में जुटी हैं। इस संबंध में फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है।

टक्कर के कारण भोई उछलकर कार के बोनट पर जा गिरे। कार चालक ने वाहन रोकने के बजाय उसकी रफ्तार बढ़ा दी और सिपाही को लगभग 200 मीटर तक घसीटने के बाद मौके से फरार हो गया।

## खबर संक्षेप



### अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, 4 की मौत

**नोएडा।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर सांडी थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 317 पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में कार सवार दंपती और उनके 2बच्चों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सौरभ उपाध्याय (38) और उनकी पत्नी मेनका उपाध्याय (36) की मौके पर ही मौत हो गई। सोनकर के मुताबिक, दुर्घटना में दंपति के दोनों बच्चे शिओम (सात) और ब्योम (तीन) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। यूपीडा के वाहन को पलट दिया। सौरभ उपाध्याय साफ्टवेयर कंपनी चलाते थे।

### ठाणे में भगवान बुद्ध और आंबेडकर की मूर्तियां चोरी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बुधवार तड़के अज्ञात लोगों ने बुद्ध विहार में घुसकर भगवान गौतम



बुद्ध और डॉ. बीआर आंबेडकर की पीतल की मूर्तियां चोरी कर लीं। पुलिस ने बताया कि यह घटना कलवा इलाके के जय भीम नगर-2 स्थित त्रिरत्न बुद्ध विहार में हुई। मंगलवार शाम को नियमित प्रार्थना के बाद विहार को बंद कर दिया गया था।

### गंगा में लगाया जाएगा 'ट्रैश बूम इंटरसेप्टर'




**देहरादून।** हरिद्वार में अगले साल होने वाले अर्धकुंभ से पहले गंगा नदी में 'ट्रैश बूम इंटरसेप्टर' लगाया जाएगा, ताकि ठोस कचरे से नदी को प्रदूषित होने से रोका जा सके। हरिद्वार जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि दशहरा से दीवाली तक 18 दिन में ऊपरी गंग नहर को मरम्मत और रखरखाव बंद किए जाने के दौरान उससे 100 मीट्रिक टन से अधिक कचरा निकाला गया। यह तकनीक जलविद्युत परियोजनाओं में इस्तेमाल की जा रही है।

### जेन-जी राष्ट्रविरोधियों से दूर रहें: श्री श्री रवि शंकर

**आणंद।** आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर ने बुधवार को कहा कि 'जेन-जी' के सदस्यों को उन मुद्दों पर अपनी राय ज़रूर रखनी चाहिए जो उन पर असर डालते हैं, लेकिन उन्हें 'असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी' तत्वों से दूर रहना चाहिए। धैर्य और संयम की आवश्यकता पर जोर देते हुए श्री श्री रवि शंकर ने युवाओं से अपील की कि वे लापरवाह सोच वाले लोगों को अपने विचारों पर असर न डालने दें। आध्यात्मक गुरू ने कहा कि इसके बजाय, ऐसे लोगों को सही सलाह दी जानी चाहिए और उन्हें अलग-अलग दृष्टिकोणों को समझने के लिए प्रोत्साहित किया।

## भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने कसा तंज और फैसले को 'सुपर त्याग' बताया

# प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़कर सोनिया बन गईं सुपर पीएम

### मोदी सरकार पर लोकतंत्र और संस्थाओं को नुकसान पहुंचाने के आरोपों के बाद भाजपा का पलटवार

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सोनिया गांधी के संस्मरणों की आलोचना करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद स्वीकार न करने का महात्याग केवल सुपर पीएम बनने के लिए किया था। भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सोनिया गांधी के संस्मरण 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में किए गए सोनिया गांधी के उस दावे को भी खारिज कर दिया कि उनके पति राजीव गांधी आपातकाल के खिलाफ थे।

सोनिया गांधी ने मंगलवार को बाजार में आयी अपनी संस्मरण किताब में लिखा है कि प्रधानमंत्री पद संभालने के विचार को पूरी तरह खारिज करने से लेकर गठबंधन सहयोगियों के जोर देने पर धीमी आवाज में 'ठीक है' कहने और अंततः दृढ़तापूर्वक इनकार करने तक का उनका रुख कैसे बदलता रहा। 2004 में प्रधानमंत्री पद ठुकराने से पहले सोनिया गांधी द्वारा अपने मन की द्वंद्वात्मक स्थिति का जिक्र किए जाने संबंधी सवाल पर त्रिवेदी ने तंज कसते हुए कहा, क्या गजब का महात्याग था कि प्रधानमंत्री का पद छोड़कर वह 'सुपर पीएम' बन गईं!"



### 'सुपर पीएम' का उदाहरण दुनिया में नहीं मिलेगा

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री पद छोड़कर कैबिनेट रैंक वाला पद लेना किस तरह का त्याग था। त्रिवेदी ने यह भी कहा कि दुनिया में ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा, जहां कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री पद छोड़कर कैबिनेट मंत्री के बराबर दर्जा हासिल करे। भाजपा ने इसी आधार पर सोनिया के फैसले पर सवाल उठाए।

## मोदी सरकार के पैरों तले खिसक चुकी है जमीनः सोनिया

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पैरों तले जमीन खिसक चुकी है और उसकी सत्ता स्थायी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के कदमों से उसकी बढ़ती असुरक्षा झलक रही है तथा महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान लोगों का सत्ता के प्रति डर कम हो रहा है। सोनिया गांधी ने हाल में प्रकाशित अपनी आत्मकथा 'बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव' में यह भी



कहा है सरकार के कामकाज से उसकी असुरक्षा झलकती है और देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ अब लोग खुलकर आवाज उठाने लगे हैं। उन्होंने इस पुस्तक देश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों, लोकतंत्र, विपक्ष की भूमिका और भाजपा तथा आरएसएस की विचारधारा को लेकर अपने विचार व्यक्त किए हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष का कहना है कि सरकार भले ही अपनी सत्ता और लोकप्रियता बरकरार रहने का दावा कर रही हो, लेकिन उनका मानना है कि राजनीतिक परिस्थितियां बदल रही हैं। उनके अनुसार, मुख्यधारा का मीडिया पहले की तरह पक्षपातपूर्ण बना हुआ है, लेकिन सरकार के कदम उसकी असुरक्षा को प्रदर्शित करते हैं।

### अब बचाव में उतरे सैम पित्रोदा

#### सोनिया का संस्मरण है, आपका नहीं

'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के संस्मरण की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आलोचना किए



जाने पर बुधवार को पलटवार करते हुए कहा कि यह पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की कहानी है, किसी दूसरे का नजरिया नहीं है तथा उन्हें अपनी बात अपने तरीके से कहने का पूरा अधिकार है। अमेरिकी शहर शिकागो से 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में पित्रोदा ने कहा कि उन्होंने अभी तक सोनिया गांधी की पुस्तक 'बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव' नहीं पढ़ी है, क्योंकि उन्हें इसकी प्रति अभी नहीं मिली है और उम्मीद है कि अगले सप्ताह तक पुस्तक मिल जाएगी। उनका कहना था, "मैंने जो कुछ सुना है, उसके आधार पर कह सकता हूं कि यह प्रेम, साहस, प्रतिबद्धता और दृढ़ विश्वास से भरपूर पुस्तक है।"

### किताब में नीतीश के चित्रण से जद(यू) नाराज

#### लोगों को गुमराह करने के लिए इसे पेश किया

जनता दल (यूनाइटेड) ने पार्टी के



अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चित्रण पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किताब में घटनाक्रम को लोगों को गुमराह करने की खास रणनीति के तहत पेश किया है।

### सोनिया के दावे पर हजारे भी बिफरे

#### इतनी संकीर्ण सोच रखना सही नहीं

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा, मेरे लिए सिर्फ समाज और देश मायने रखते हैं। इतनी संकीर्ण सोच रखना सही



नहीं है। देश के बारे में सोचिए। यह किस दिशा में जा रहा है और हमारे राष्ट्र की क्या हालत है, इस पर ध्यान दीजिए। हजारे ने कहा कि मेरा कांग्रेस या बीजेपी किसी से भी कोई लेना-देना नहीं है।

## भाई दूज पर राजस्थान में दर्दनाक घटना

# बहन को बचाने के लिए डिग्गी में कूदे तीन भाई, चारों की मौत

मृतकों में 18 से 14 साल तक की उम्र, एक साथ बुझ गए चिराग



भाषा ▶▶ जयपुर

राजस्थान के बीकानेर जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में तीन सगे भाई-बहनों और उनके चचेरे भाई की पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसा छत्तरगढ़ थाना क्षेत्र के आवा गांव में खेत में बनी पानी की डिग्गी में हुआ। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। बीकानेर के खाजूवाला क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक विजयपाल यादव ने बताया कि जिले आवा गांव में चक (खेत) नौ एडब्ल्यूएम में बने इस डिग्गी (आयताकार पक्का हौज या तालाब) में यह हादसा दोपहर करीब 12:15 बजे हुआ। रमेश कुमार नायक की 14 वर्षीय बेटी पूजा खेत में बनी डिग्गी से पानी लेने गई थी तभी इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह डिग्गी में गिरकर डूबने लगी। पुलिस के अधिकारी के अनुसार, बहन को डूबता देख उसके दोनों भाई मुकेश (18) और मनोज (16) उसे बचाने के लिए डिग्गी में उतर गए, और इसके बाद उनका चचेरा भाई निर्मल नायक (21) भी उन्हें बचाने के लिए पानी में कूद गया। चारों में से कोई बाहर नहीं निकल सका।

# राजस्थान के सिरोही में गर्भवती पत्नी के सामने पति की हत्या

### प्रेम विवाह से नाराज परिजनों ने की वारदात

- घर में घुसकर कुल्हाड़ी, तलवार और धारदार हथियारों से हमला
- पुलिस ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार
- मुंबई में काम करता था युवक दीपावली पर घर लौटा था

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में प्रेम विवाह से नाराज गर्भवती युवती के रिश्तेदारों ने 22 वर्षीय युवक की कथित तौर पर धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटना नौ नवंबर को अनादरा थाना क्षेत्र के मालगांव में हुई। आरोपियों ने कथित तौर पर युवक के घर में घुसकर उसपर कुल्हाड़ी, तलवार और अन्य धारदार हथियारों से हमला किया। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान लक्ष्मण घांची के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उसने करीब एक साल पहले नागणी गांव की रहने वाली नीरू से शादी की थी। अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्मण मुंबई में काम करता था और दीपावली पर अपनी गर्भवती पत्नी के साथ घर लौटा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## दिल्ली में भूतल की दुकान में लगी आग

# दूसरी मंजिल पर फंसे चार लोगों को सुरक्षित निकाला

### दुकान में तीन बाइक और दो कंप्रेशर में लगी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के निलोठी इलाके में बुधवार को एक इमारत के भूतल पर स्थित पंचर की दुकान में आग लगने के बाद दूसरी मंजिल पर फंसे चार लोगों को सीढ़ियों की मदद से निकाला गया। अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोपहर साढ़े 12 बजे निलोठी के शिव राम पार्क एक्सटेंशन-2 में सिलेंडर में आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि आग इमारत के भूतल पर टायर में पंचर लगाने वाली दुकान में तीन बाइक और दो कंप्रेशर में लगी थी। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण इमारत की दूसरी मंजिल से सीढ़ी लगाकर चार लोगों को निकाला गया है। अधिकारी के मुताबिक, आग पर दोपहर डेढ़ बजे तक काबू पा लिया गया था।

## ईएफडी की बैठक में बोले पीके मिश्रा

# देश के 651 कृषि जिलों में से 310 जलवायु की दृष्टि से संवेदनशील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा ने आज जलवायु परिवर्तन, कृषि संबंधी गतिशीलता, खाद्य सुरक्षा और पोषण से जुड़ी परस्पर संबद्ध चुनौतियों से निपटने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान, सूक्ष्म स्तर के आंकड़ों और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।डॉ. मिश्रा ने आईआईएम कोझिकोड में विकास के लिए पर्यावरण (ईएफडी) नेटवर्क की 20वीं वार्षिक बैठक के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन को अब केवल पर्यावरण से जुड़ी चिंता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि इसका प्रभाव कृषि उत्पादकता, जल की उपलब्धता, खाद्य पदार्थों की कीमतों, जन स्वास्थ्य और आजीविका पर भी पड़ता है।उन्होंने खाद्य सुरक्षा के पारंपरिक उपायों से आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि केवल पर्याप्त खाद्य उत्पादन सुनिश्चित करना ही पर्याप्त नहीं है।

## बेंगलुरु और कश्मीर में बड़ी कार्रवाई

# दो विदेशियों समेत 34 तस्करों को किया गिरफ्तार, 6.30 करोड़ की सामग्री जब्त

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े कई मामलों में दो विदेशी नागरिकों समेत 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 6.30 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ और अन्य सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि मुखबिरों से हेब्बल, कोरमंगला, डी. जे. हल्ली, महालक्ष्मीपुरम, यशवंतपुर, अदुगोडी, हेन्नूर, गोविंदपुरा, बेगुर, हेब्बागोडी और बांडेपाल्या पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद अलग-अलग तारीखों पर छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार लोगों में दो विदेशी नागरिक, अन्य राज्यों के नौ निवासी और 23 स्थानीय लोग शामिल हैं।

### कश्मीर में चार मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में अलग-अलग मामलों में 20 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ बरामद कर चार कथित तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि अनंतनाग, शोपियां और बारामूला जिलों में नाकों पर जांच के दौरान ये गिरफ्तारियां की गईं। प्रवक्ता ने बताया कि अनंतनाग में पहलगाम थाने के पुलिसकर्मियों ने यन्नेर में तौफीक अहमद राठेर नामक व्यक्ति को रोका और तलाशी के दौरान उसके पास से 13.30 किलोग्राम 'भांग भूसा' बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि ऐशमुकाम थाने के पुलिसकर्मियों ने हपतमार-नागबल चौराहे पर एक जांच चौकी पर संदिग्ध व्यक्ति को रोका और तलाशी के दौरान उसके पास से करीब छह ग्राम चरस बरामद हुई। शोपियां में पुलिसकर्मियों ने पाढ़ा बेहक शालीदार केलर में नाके पर जांच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से चरस के पाउडर जैसा 742 ग्राम पदार्थ बरामद हुआ।'

## आईएनएस बेतवा पोत की बढ़ेगी ताकत

# रक्षा मंत्रालय ने किया 500 करोड़ रुपये का करार

### 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मिलेगी गति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस बेतवा की सामान्य मरम्मत एवं पुनर्संचालन के लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ 498.58 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध पर 11 नवंबर, 2026 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध के तहत भारतीय नौसेना के ब्रह्मपुत्र श्रेणी के युद्धपोत आईएनएस बेतवा की प्रणोदन प्रणाली में व्यापक बदलाव किया जाएगा।



रक्षा सचिव राजेश सिंह की उपस्थिति में एमओयू

इस परियोजना में 50 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भागीदारी होने की उम्मीद है। साथ ही, भारतीय जहाज निर्माण उद्योग और उससे जुड़े सहायक क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के विजन को नई गति प्रदान करेगी तथा देश की स्वदेशी नौसैनिक पोत मरम्मत एवं रखरखाव क्षमताओं को और मजबूत करेगी।

### भाप की जगह लगेगा डीजल इंजन

*इसके अंतर्गत पोत की मौजूदा भाप आधारित प्रणोदन प्रणाली को डीजल इंजन आधारित प्रणोदन प्रणाली से प्रतिस्थापित किया जाएगा। इस मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य में आधुनिक हथियार प्रणाली की स्थापना के माध्यम से पोत की युद्धक क्षमताओं को बढ़ाना भी शामिल होगा, जिससे इसकी परिचालन क्षमता और प्रभावशीलता में बढ़ोतरी होगी। इस परियोजना से जहाजों की मरम्मत एवं रखरखाव से जुड़े स्वदेशी औद्योगिक तंत्र की क्षमताएं और सुदृढ़ होंगी।*

## एनयूएसआई नेता अनस पर छात्रा का आरोप

# ज्ञानेश के खिलाफ प्रोटेस्ट के बदले 500 रुपये ऑफर किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने एनएसयूआई नेता अनस खान को लेकर बड़ा दावा किया है। छात्रा का



आरोप है कि अनस ने राहुल गांधी के मार्च में शामिल होने कॉलेज के छात्रों को 200 से 500 रुपए देने का ऑफर दिया था। यह मार्च मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ था। छात्रों को मुफ्त खाना, आने-जाने की सुविधा और दूसरी चीजें देने की भी बात कही गई थी।

### 100 छात्रों को मार्च में शामिल करने का दावा

छात्रा के अनुसार अनस कॉलेज के करीब 100 छात्रों को इस मार्च में शामिल करने की कोशिश कर रहा था। इसके लिए कॉलेज के एक ग्रुप में मैसेज भेजा गया था। इसमें करीब 1000 छात्र जुड़े हुए हैं। छात्रा का दावा है नए छात्रों को भी इस ग्रुप में जोड़ा जाता है। छात्रों को मुफ्त खाना, सफर और रिफ्रेशमेंट देने की बात कही गई थी। कुछ छात्रों को फ्री रैपिडो राइड और जोमैटो ऑफर देने का भी दावा किया गया है।

चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ और सतर्कता जरूरी



आर्थिकी
प्रमोद भार्गव

कश्मीर घाटी में आतंकवाद एक बार फिर चुनौती दे रहा है। इसका चेहरा तेजी से बदल रहा है। अब दुश्मन केवल सीमा पार से घुसपैठ कर हमला नहीं करता, बल्कि देश के भीतर स्लीपर सेल भी तैयार करता है, स्थानीय मददगारों के जरिये साजिशों को अंजाम देता है और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक से सुरक्षा तंत्र को चुनौती देता है। साइबर नेटवर्क, एआई और मानवरहित हथियारों ने आतंकवाद के खतरे को और जटिल बना दिया है। सवाल है कि जब आतंक के तौर-तरीके इतने बदल रहे हैं तो हमारी सुरक्षा रणनीति कितनी बदली है? कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों पर हमला और एलओसी पर पाकिस्तान की एंटी-ड्रोन तैनाती इसी बदलती चुनौती के संकेत हैं। ऐसे में आतंकवाद के खिलाफ और सतर्कता बरतनी होगी। हाल ही की घटना में जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर बाइक सवार हमलावरों की अंधाधुंध गोलीबारी इस बात का संकेत है कि आतंकियों के मंसूबे अभी कमजोर नहीं पड़े हैं। महज 15 सेकेंड में करीब 30 राउंड फायरिंग कर तीन जवानों को घायल करने के बाद हमलावरों का फरार हो जाना गंभीर चिंता का विषय है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पार अपनी सैन्य तैयारियों को नए सिरे से धार देने में जुटा है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने एलओसी के सामने 50 से अधिक विशेष एंटी-ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। नवंबर में ही 20 नई यूनिट शामिल किए जाने की सूचना है। इनका उद्देश्य भारतीय ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन की निगरानी करना तथा उन्हें निष्क्रिय करना है। पाकिस्तान की इस तैयारी को केवल रक्षात्मक कदम मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कुलगाम की घटना और एलओसी के पार पाकिस्तान की सैन्य तैयारियों को अलग-अलग घटनाक्रम मानकर देखने के बजाय व्यापक सुरक्षा परिप्रेक्ष्य में समझने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2024 से अब तक 548 आतंकी घटनाएं होना और इनमें 45 जवानों का शहीद होना बताता है कि चुनौती कितनी गंभीर है। सुरक्षा बलों ने इस दौरान 138 आतंकियों को मार गिराया है, लेकिन आतंकवाद का नेटवर्क केवल आतंकियों को खत्म करने से समाप्त नहीं होता। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी सैन्य रणनीति में ड्रोन युद्ध को प्राथमिकता दी है। सेना प्रमुख आसिम मुनीर की रणनीति में ड्रोन को रक्षा और हमले, दोनों की पहली पंक्ति का हिस्सा बनाया जा रहा है। इसके लिए चीन और तुर्किये से आधुनिक तकनीक हासिल करने के साथ एआई और निगरानी प्रणालियों पर भी जोर दिया जा रहा है। ऐसे हालात में भारत को अपनी सुरक्षा रणनीति भी लगातार आधुनिक बनानी होगी। सीमा पर चौकसी, एंटी-ड्रोन प्रणाली, आधुनिक निगरानी उपकरण और खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। साथ ही, कुलगाम जैसे संवेदनशील इलाकों में तैनात जवानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षाबलों का मनोबल और आम नागरिकों का विश्वास बनाए रखना होगा। पाकिस्तान की बदलती सैन्य रणनीति और कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को देखते हुए किसी भी स्तर पर आत्मसंतुष्टि की गुंजाइश नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ केवल जवाबी कार्रवाई नहीं, बल्कि ऐसी चौकस और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था चाहिए, जो दुश्मन के मंसूबों को हमला होने से पहले ही नाकाम कर दे। यही जवानों की सुरक्षा और देश की संप्रभुता की सबसे बड़ी गारंटी है।

# दवा कारोबार में अनैतिकता पर अंकुश

> सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महंगी दवाओं को 'डकैती करार' देने के बाद भारत सरकार, दवा निर्माता एवं विक्रेता चेते हैं। इसी का परिणाम है कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा है कि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के उपचार में दी जाने वाली 137 प्रकार की दवाओं पर व्यापारिक लाभ का अंतर तय कर दिया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से रोगियों को हर साल अनुमानित 3502 .31 करोड़ रुपये की बचत होगी। वस्तुत: कैंसर के गरीब मरीजों को भी बड़ी राहत मिल जाएगी। अतत: यह कठोर निर्णय दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने की लगातार दी गई चेतावनियों के चलते संभव हुआ है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महंगी दवाओं को 'डकैती करार' देने के बाद भारत सरकार, दवा निर्माता एवं विक्रेता चेते हैं। इसी का परिणाम है कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा है कि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के उपचार में दी जाने वाली 137 प्रकार की दवाओं पर व्यापारिक लाभ का अंतर तय कर दिया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से रोगियों को हर साल अनुमानित 3502.31 करोड़ रुपये की बचत होगी। वस्तुतः कैंसर के गरीब मरीजों को भी बड़ी राहत मिल जाएगी। अततः यह कठोर निर्णय दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने की लगातार दी गई चेतावनियों के चलते संभव हुआ है।

दवाओं की कीमतें घटाने का यह फैसला स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के तहत गठित की गई विशेषज्ञ समिति की 17 अक्टूबर 2026 को आई सिफारिश के बाद लिया है। डीजीएचएस के बयान के अनुसार अब तक 76 दवा कंपनियों ने 121 दवाओं के 1225 सूत्रीकरण (फॉर्मूलेशन) के लिए नए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) जमा किए हैं। 1225 में से 1031 फॉर्मूलेशन की कीमतों में भारी कटौती की गई है। करीब 600 ब्रांड की दवाओं की कीमत में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। सबसे ज्यादा कटौती 96.45 प्रतिशत की गई है। वस्तुतः अब कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई असरकारी दवाओं की कीमतों में भारी कमी स्पष्ट दिख रही है। आरपीजी लाइफ साइंसेज की स्तन कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाली कैप्सूल 'पैल्बोप्रो' (पैल्बोसिक्लिब 125 मिलीग्राम) की कीमत 40,421.33 रुपये से घटकर मात्र 2720 रुपये रह गई है। इसी तरह अरविंकेयर फार्मा की प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली टेबलेट एबीरोन (एबिराटेरॉन एसीटेट 250 मिलीग्राम) का मूल्य 41,250 रुपये से घटकर 3218.23 रुपये निर्धारित कर दिया है। यह भारी अंतर सभी दवाओं पर दिखाई दे रहा। सर्वोच्च न्यायालय ने कैंसर की दवाओं की एमआरपी और सरकारी खरीद मूल्य के बीच बड़े अंतर को अजूबा करार दिया था। यह अंतर 10 गुना से भी ज्यादा था। 2700 रुपये की खुदरा बिक्री वाली कैंसर की दवा पर एमआरपी 27,000 रुपये अंकित होने पर इसे न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और संदीप मेहता की पीठ ने पहले तो 'दिन-दहाड़े' डकैती कहा और फिर 29 सितंबर 2026 को की गई सुनवाई में इस भारी अंतर को दो टूक शब्दों में 'कत्लेआम' यानी 'सामूहिक-संहार' तक कहने में संकोच नहीं किया था। दवा कारोबारी, निजी अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों में दवाओं की खरीद करने वाले जिम्मेदारों के लिए इससे तीखी टिप्पणी, दूसरी कोई हो नहीं सकती ? अदालत ने यह सवाल भी खड़ा किया था। कि आखिर 'इतना पैसा कहां जा रहा है और फायदा किसे हो रहा है? 'यह टिप्पणी सीधे-सीधे दवा उत्पादक, निजी अस्पतालों के मालिक एवं चिकित्सक तथा सरकारी खरीद में लिप्त जिम्मेदारों का अमानवीय चेहरा सामने लाती है। 137 दवाओं की दरें निर्धारित हो जाने से साफ हो गया है कि बड़ा घालमेल दवा उद्योग में चल रहा है। इस घालमेल पर अंकुश लगाने की दृष्टि से ही न्यायालय द्वारा 8 अक्टूबर 2026 को दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा



कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों, तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की हुई है। समिति को कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा का दायित्व दिया गया था। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा शामिल है। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में 'फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की भी एक याचिका लंबित है। इसमें अनुरोध किया है कि प्रभावी कानून बनने तक फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर फॉर्मूलेशन और नियमन के लिए दिशा-निर्देश भी तय कर दिए जाएं ताकि मौजूदा व्यवस्था में जो बड़ी असामानता है, वह दूर हो सके? इसके अंतर्गत ऐसे प्रलोभन स्वीकार करने वाले चिकित्सकों के लिए कार्यवाही का प्रविधान तो है, लेकिन उन्हें प्रलोभन देने वाली दवा कंपनियों को नियंत्रित या दंडित करने के लिए समान वैधानिक व्यवस्था नहीं है। अतएव कंपनियां अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चिकित्सकों को महंगे उपहार और सेमिनार के बहाने देश-विदेश की पंचतारा हवाई यात्राएं अपने खर्चे पर कराती हैं। अततः इसका असर रोगी पर पड़ता है और वे महंगी दवाएं खरीदने के लिए लाचार बने रहते हैं। इस समिति की रिपोर्ट अभी आनी है। सस्ती हुई 137 दवाओं में जो अंतर देखने में आया है, उससे साफ है कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर धन कमाने की हवस के चलते बाहर की जा रही हैं। सस्ती हुई दवाओं के अंतर ने तय कर दिया है कि दवा महंगी होने का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। नियमों के मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से मात्र सौ गुनी ज्यादा रख सकते हैं। लेकिन दवाओं की कीमत 1023 फीसदी तक ज्यादा वसूली जा रही है। यहां तक की नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो पूरा लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह से सरकार और ग्राहकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। दरअसल, वर्तमान में दवा कारोबार मुनाफे की हवस की गिरफ्त में तो है ही, निजी चिकित्सालय उद्योग रोगी पैदा करने और रोगी बनाए रखने का काम भी कर रहे हैं। इसलिए चिकित्सकों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे रोगी की सेवा के बनिस्वत दवा कारोबार की सेवा में लिप्त हैं। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि चिकित्सक ज्ञान तो निश्चित रूप से उच्च चिकित्सा संस्थानों से प्राप्त करते हैं, लेकिन चिकित्सक बनने के बाद उनके इस ज्ञान का अपहरण दवा उद्योग कर लेते हैं। अतएव ज्यादातर डॉक्टर पर्चे में वहीं दवा लिखते हैं, जो उन्हें दवा कंपनियों के एमआर समझाते हैं और कमीशन के साथ उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का पेशा जीवन रक्षा का धंधा है। वह मनुष्यता की संवेदना और मर्म की सुरक्षा का नैतिक व्यवसाय है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ावा देने की दृष्टि से ? किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विश्व निमोनिया दिवस



बाल मुकुन्द ओझा

# केवल दवाओं की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं, रहें अलर्ट

विश्व निमोनिया दिवस हर साल 12 नवम्बर को लोगों को निमोनिया जैसी गंभीर सांस संबंधी बीमारी के प्रति जागरूक करना, इसके लक्षणों को पहचानने, समय पर इलाज कराने और बीमारी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देने के लिए मनाया जाता है। इस साल, 2026 में, विश्व निमोनिया दिवस की थीम निमोनिया नियंत्रण का एक नया युग रखी गई है। यह थीम निमोनिया से होने वाली उन मौतों को कम करने में टीकों, जांच के साधनों और इलाज के तरीकों में हुई प्रगति के महत्व को उजागर करती है, जिन्हें रोका जा सकता है। यह जीवन बचाने वाले इन उपायों तक समान पहुंच की वकालत करती है, खासकर उन बच्चों और वंचित समुदायों के लिए जो अधिक जोखिम में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल 5 साल से कम उम्र के 14 लाख बच्चों की मौत निमोनिया के कारण होती है। यह दुनिया भर में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की कुल मौतों का 18 प्रतिशत है। यूनिसेफ के अनुसार, हर 39 सेकंड में एक बच्चे की मौत निमोनिया से होती है।

अनुमान है कि 50 साल से अधिक उम्र के वयस्कों में निमोनिया से होने वाली 16 लाख मौतें, वायु प्रदूषण और धूम्रपान के कारण होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, निमोनिया आज भी बच्चों में संक्रामक बीमारी से होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण है। इस अवसर पर दुनियाभर में निमोनिया के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। खासतौर पर बच्चों में निमोनिया की रोकथाम को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि पांच साल से कम उम्र के बच्चे इस बीमारी के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। द लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की लगभग 14 से 26 फीसदी मौतें निमोनिया के कारण होती हैं। देश में इस आयु वर्ग के लगभग 14.9 फीसदी बच्चों की मौत का कारण निमोनिया है। कुछ आंकड़ों में यह अनुपात 18 फीसदी तक पाया गया है। यह आंकड़े वास्तव में चिंताजनक हैं। भारत में मौसम बदलते ही बीमारियों का खतरा मंडराने लगता है। इनमें निमोनिया प्रमुख है। अस्पतालों में लम्बी लम्बी कतारें लग जाती है। इस समय गर्मी के विदाई का वक्त है। सर्दी की आहट के साथ ही बच्चे से बुजुर्ग तक को अपनी सेहत की चिंता सताने लगती है। इस समय मौसम भी अजब-गज़ब है। कहीं पंखे चल रहे हैं तो कहीं एयर कंडीशनर भी। लोगों ने गर्म कपडे.निकाल लिए है। पंखा आदि चलाकर कम्बल का उपयोग करते देखा जा सकता है। दिवाली पर प्रदूषण की मार भी लोग झेल रहे है। इसी बीच सर्दियों का मौसम शुरू होते ही सर्दी, खांसी, जुकाम, गले में खराश और बुखार जैसी अनचाही बीमारियां बढ़ने लगी हैं। सर्द मौसम में निमोनिया का खतरा भी चिंता का विषय बन जाता है। निमोनिया फेफड़ों में होने वाला संक्रमण है, जिसके कारण फेफड़ों की छोटी वायु थैलियों में सूजन आ सकती है और उनमें तरल पदार्थ या मवाद भर सकता है। इससे मरीज को सांस लेने में परेशानी होने लगती है।



खासतौर पर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को इस बीमारी से अधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक निमोनिया से निपटने के लिए केवल दवाओं की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि टीकाकरण, शुरुआती पहचान, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की उपलब्धता भी जरूरी है। निमोनिया कोई छोटी-मोटी बीमारी नहीं है। निमोनिया फेफड़ों में असाधारण तौर पर सूजन आने के कारण होता है। इसमें फेफड़ों में पानी भी भर जाता है। आमतौर पर निमोनिया कई कारणों से होता है जिनमें प्रमुख हैं बैक्टीरिया, वायरस, फंगी या अन्य कुछ परजीवी। इनके अलावा कुछ रसायनों और फेफड़ों पर लगी चोट के कारण भी निमोनिया होता है। बैक्टीरिया जनित निमोनिया दो से चार सप्ताह में ठीक हो सकता है। इसके विपरीत वायरल जनित निमोनिया ठीक होने में अधिक समय लेता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

# जब मन अशांत हो, अपने इष्टदेव का जप करें



संकलित
प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एथेनॉल की खूबियों के बावजूद चिंताएं बरकरार

देश में पेट्रोल के विकल्प के रूप में एथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक और कदम उठाया है, जबकि देश में एथेनॉल को लेकर पूर्व में हंगामा भी बहुत हुआ था। लिहाजा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों को अनुमति देने के लिए मोटर वाहन नियमों में बदलाव की अधिसूचना जारी की है। यह फैसला भारत की ऊर्जा जरूरतों, पर्यावरण संरक्षण और विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। हालांकि, इस नई व्यवस्था को केवल हरित क्रांति के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके साथ वाहनधारकों की आर्थिक स्थिति, वाहनों की तकनीकी क्षमता, ईंधन की उपलब्धता और रखरखाव से जुड़ी चुनौतियों को भी समझना जरूरी है। - रामिकशन, रोहतक

## ट्रेंड

### शतरंज में शतक

भारत ने शतरंज में शतक लगा दिया है! 00वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवात्री को बधाई! यह वाकई एक शानदार उपलब्धि है। यह हमारे खिलाड़ियों की जबरदस्त प्रतिभा, लगन और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### उत्पादन का रिकॉर्ड

भारत ने उत्पादन के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। चावल के उत्पादन में हम दुनिया में पहले नंबर पर आ गए हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक देश भी बन गया है। आज, देश में रिकॉर्ड 377 मीट्रिक टन अनाज और 378 मीट्रिक टन फल व सब्जियों का उत्पादन हो रहा है।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री



### अत्यंत दु:खद

पाली में एक दुकान में लगी आग के धुएं से दम घुटने के कारण कांग्रेस पार्षद उषा पुनामिया, उनके पति प्रकाश पुनामिया और उनके बड़े भाई गौतम के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।
-अशोक गहलोत, सीएम, राजस्थान



### नई रामायण

नई रामायण देखी। इसमें न तो कोई दिव्यता दिखी और न ही भक्ति का भाव। कई महत्वपूर्ण दृश्य गायब हैं, और कई दृश्यों के संवादों में वह गरिमा नहीं है जो ऐसी फिल्म में होनी चाहिए। रावण का काफी महिमामंडन किया गया है।
- सुनील लहरी, अभिनेता



## करंट अफेयर

# वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण बेलफास्ट में विशेष कार्यक्रम

'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट स्थित भारतीय वाणिज्य महादूतावास में ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों के 60 से अधिक संगीतकारों ने एक विशेष संगीत कार्यक्रम पेश किया। बेलफास्ट स्थित टोकाटा म्यूजिकल्स प्रोडक्शंस के सहयोग से तैयार राष्ट्रगीत की यह संगीत प्रस्तुति पिछले सप्ताह ऑनलाइन जारी की गई। भारतीय वाणिज्य महादूतावास ने बताया कि इसमें शामिल संगीतकारों का भारत, उसकी संस्कृति, परंपराओं, आध्यात्मिकता और संगीत विरासत से व्यक्तिगत जुड़ाव है। ब्रिटेन के बेलफास्ट स्थित भारतीय वाणिज्य महादूतावास देश के नए वाणिज्य दूतावासों में से एक है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले साल मार्च में इसका उद्घाटन किया था। बेलफास्ट में भारत की महावाणिज्यदूत किरण खत्री ने कहा, 'बेलफास्ट में भारत के पहले महावाणिज्य दूतावास की स्थापना भारत और उत्तरी आयरलैंड के संबंधों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह उत्तरी आयरलैंड के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करने और संस्कृति, शिक्षा, व्यापार तथा लोगों के बीच संपर्क के माध्यम से मजबूत संबंध बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' इस परियोजना में संगीतकारों ने 'वंदे मातरम' के सम्मान में स्वेच्छा से अपना समय दिया।




## ऑफ बीट

# वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है

दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है : कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का



असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी – बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है : भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल ट्रेडिंग : हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ की बढ़ोतरी

# 18 करोड़ में पंजाब के हुए हार्दिक एमआई के लिए खेलेंगे अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे बड़ी और बहु प्रतीक्षित अदला बदली (ट्रेडिंग) में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या 18 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई कीमत पर पंजाब किंग्स से जुड़ गए हैं जबकि मुंबई इंडियंस ने उनकी जगह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अपनी टीम में लिया है। आईपीएल ने बयान में कहा की हार्दिक अपनी मौजूदा फीस 16.35 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि में मुंबई इंडियंस से पंजाब किंग्स चले गए हैं जबकि अर्शदीप 18 करोड़ रुपए की मौजूदा कीमत पर मुंबई से जुड़ गए हैं।

इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इस साल (आईपीएल के पिछले सत्र से पहले) राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बदले में राजस्थान रॉयल्स ने सीएसके से रविंद्र जडेजा को 14 करोड़ और सैम कुरेन को 2.4 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। ट्रांसफर फीस दोनों फ्रेंचाइजी के बीच आपसी समझौता है और यह टीम में बनाए रखने की फीस (रिटेंशन फीस यानि फ्रेंचाइजी का खिलाड़ी को भुगतान किया जाने वाला वेतन) से अलग है।

### हार्दिक का एमआई के साथ दूसरा कार्यकाल समाप्त

दोनों टीमों ने आपसी सहमति से तय किया कि हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी होगी और मौजूदा नियमों के अनुसार उन्हें इस बढ़ोतरी का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। बाकी रकम मुंबई इंडियंस को मिलेगी। हार्दिक का इस तरह से मुंबई इंडियंस के साथ दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। वह पहली बार 2015 में मुंबई इंडियंस से जुड़े थे और तब उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ चार खिताब जीते थे। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने टीम को 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुंबई की टीम के साथ सात सत्र बिताने के बाद हार्दिक 2022 में 15 करोड़ रुपए की फीस पर गुजरात टाइटन्स में शामिल हो गए और उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपने पहले ही सत्र में खिताब दिलाया। गुजरात की टीम 2023 में फाइनल तक भी पहुंची थी।




### एमआई के तिलक बन सकते हैं उपकप्तान

रोहित को अचानक टीम से बाहर किए जाने का मुद्दा भी विवाद का विषय बना रहा और अब कयास लगाए जा रहे हैं के फ्रेंचाइजी की तरफ से उनके संभवतः आखिरी सत्र में उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी जा सकती है। तिलक वर्मा को उप कप्तान बनाए जाने की संभावना है।

### हार्दिक ने एमआई में बिताए खास पल : आकाश अंबानी

मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने कहा, 'हार्दिक ने मुंबई इंडियंस में कुछ बहुत ही खास पल बिताए हैं। हमने उन्हें एक क्रिकेटर के रूप में लगातार बेहतर होते हुए देखा है, विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए देखा है और फिर टीम का नेतृत्व करने के लिए वापसी करते हुए देखा है।' उन्होंने कहा, 'मैं उनका एक क्रिकेटर और एक इंसान के तौर पर बहुत सम्मान करता हूं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'




### यादों के लिए आभार अर्श : पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स ने टीम में अर्शदीप के योगदान को स्वीकार करते हुए एक बयान में कहा, 'ढेर सारी हंसी, अनगिनत यादें और ढेर सारी मस्ती। यादों के लिए आभार अर्श।'' अर्शदीप आठ सत्र तक पंजाब की टीम से खेलने के बाद अब मुंबई की टीम में शामिल हो रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने 2019 में पंजाब की टीम से आईपीएल में पदार्पण किया था और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने आईपीएल के 96 मैच में 111 विकेट लिए हैं, जो पंजाब किंग्स की तरफ से रिकॉर्ड है। उन्होंने 2025 के सत्र में 21 और 2026 में 14 विकेट लिए। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी टी20 प्रारुप में भारत का सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज भी है। उन्होंने 104 मैचों में 151 विकेट लिए हैं।

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# महज 75 मिनट में कोको को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं नोस्कोवा

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

लिंडा नोस्कोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। नोस्कोवा ने कोको गॉफ को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। नोस्कोवा 2011 में पेट्रा क्वितोवा के बाद अपने पहले डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, वह 2024 में गॉफ के बाद अपने पहले दो राउंड-रॉबिन मैच जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी हैं और 2021 में एनेट कोंटावेइट के बाद ऐसा करने वाली पहली नंबर 8 सीड हैं।

### मैं अभी भी जीतना चाहती हूं : लिंडा

लिंडा नोस्कोवा ने कहा, मुझे तो यह भी नहीं पता था कि मैं सेमीफाइनल में हूं। मैच खत्म होने के ठीक बाद, मैं पहले से ही इस बात पर फोकस कर रही थी कि मैं दो दिन में जेसी (पेगुला) के साथ कैसे खेलूंगी। इसलिए मेरे लिए ज्यादा कुछ नहीं बदला है। मैं अभी भी जीतना चाहती हूं। मैं अभी भी जो भी स्कोर, जो भी जीत मुमकिन हो, हासिल करना चाहती हूं। मैं यहां असल में मैच नहीं खेल रही हूं, इसलिए यह कुछ अलग नहीं होने वाला है।

### नोस्कोवा ने किया गॉफ को पांच बार ब्रेक

नोस्कोवा ने गॉफ को पांच बार ब्रेक किया, जिसमें शुरुआती सेट में चार बार शामिल हैं। उसने नौ में से पांच ब्रेक-पॉइंट मौकों को कन्वर्ट किया और गॉफ की दूसरी सर्व पर 75 प्रतिशत (24 में से 18) पॉइंट जीते। रिटर्न पर नोस्कोवा ने जो दबाव डाला, उससे उन्हें दोनों सेट में 4-1 की लीड बनाने में मदद मिली। यह नोस्कोवा के लिए इस सीजन की छठी टॉप-10 जीत है, जिसने जुलाई में विंबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था।




लिंडा ने तोड़ा 15 साल पुराना रिकॉर्ड

## खबर संक्षेप



### 26 ऐतिहासिक बल्ले भेंट करेंगे सचिन

**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर अपने करियर के 26 खास बल्ले मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय को भेंट करेंगे। इन बल्लों में वे बल्ले भी शामिल हैं, जिनसे सचिन ने अपने 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों में से कई यादगार शतक जड़े थे। बल्लों के अलावा उनके हेलमेट, जर्सी और करियर के महत्वपूर्ण पलों से जुड़े निजी नोट्स सहित कई अन्य यादगार वस्तुएं भी संग्रहालय में प्रदर्शित की जाएंगी। इन अनमोल धरोहरों की प्रदर्शनी का अनावरण 16 नवंबर को एक विशेष समारोह में किया जाएगा। 'बैटोग्राफी' नाम से आयोजित इस प्रदर्शनी के माध्यम से सचिन के क्रिकेट सफर को उनके करियर के विभिन्न दौर में इस्तेमाल किए गए बल्लों के जरिए दर्शाया जाएगा।

### लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत कुमामोतो मास्टर्स जापान के दूसरे दौर में



**कुमामोतो।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के ची यू जेन को सीधे गेम में हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने यह मुकाबला 21-19, 21-18 से अपने नाम किया। जर्मनी में हायलो ओपन का खिताब जीतने के बाद लक्ष्य का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है। किदांबी श्रीकांत ने भी प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने डेनमार्क के रासमुस गेमके को 18-21, 21-16, 24-22 से हराया। हालांकि युगल मुकाबलों में भारत को निराशा का सामना करना पड़ा।

# बराड़ ने लगाई लंबी छलांग, 48वें स्थान पर पहुंचे

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विकेटकीपर ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 में शामिल भारतीय बल्लेबाज हैं। पंत (713 रेटिंग अंक) आठवें और गिल (697) दसवें नंबर पर हैं। ये दोनों नवीनतम सूची में एक पायदान नीचे खिसके हैं। यशस्वी जायसवाल 13वें स्थान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में पहले दो स्थान पर इंग्लैंड के हैरी ब्रूक और जो रूट हैं। गेंदबाज गुरनूर बराड़ लंबी छलांग लगाकर 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह इससे पहले शीर्ष 100 में शामिल नहीं थे।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : पंत और गिल शीर्ष 10 में शामिल




### गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप पर स्टार्क

आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं।

### रहमत शाह ने शीर्ष 10 में बनाई जगह

इस बीच अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह आईसीसी टेस्ट खिलाड़ियों की रैंकिंग की किसी भी श्रेणी में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। रहमत ने शारजाह में अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में 173 रन की शानदार पारी खेली थी, जिससे वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छह स्थान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। यह रहमत के करियर का पांचवां टेस्ट शतक था, जिसके दम पर यह 33 वर्षीय खिलाड़ी गिल, दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस से ऊपर पहुंच गए हैं।

## शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप

# नीरज ने जीता ब्रॉन्ज, हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय निशानेबाज नीरज कुमार ने बुधवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया। इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले जयपाल मालवीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश के लिए पहला कोटा हासिल किया था। नीरज ने फाइनल में कुल 346.5 अंक हासिल किए। वह रजत पदक की दौड़ में भी बने हुए थे लेकिन अंतिम दौर में 9.4 अंक का निशाना लगाने के कारण उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।



### पिमेनोव ने जीता रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण

व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) के रूप में हिस्सा ले रहे दिमित्री पिमेनोव ने 362.8 अंक के विश्व जूनियर रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि स्लोवाकिया के पैट्रिक जानी ने रजत पदक जीता। पिमेनोव और जानी ने भी लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कोटा हासिल किए। फाइनल में पहुंचे भारत के एक अन्य निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 323.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

# हरियाणा के 12 खिलाड़ी ओडिशा में दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और ओडिशा एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रही तीन दिवसीय बिम्सटेक (23 साल से कम आयु वर्ग) एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में हरियाणा के खिलाड़ी एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए तैयार हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 25 से 27 नवंबर तक भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित की जाएगी। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए घोषित 95 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम में हरियाणा का दबदबा देखने को मिला है। राज्य से कुल 12 एथलीटों का चयन भारतीय दल में हुआ है, जिनमें 5 पुरुष और 7 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने चयनित खिलाड़ियों का त्साहवर्धन करते हुए कहा आपकी कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और कोचों के मार्गदर्शन ने हरियाणा को देश के खेल मानचित्र पर और ऊँचा स्थान दिलाया है। आप केवल खिलाड़ी नहीं, बल्कि हरियाणा की शान और हमारे उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद हैं। भुवनेश्वर में पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरें, डर को पीछे छोड़ें और अपना शत-प्रतिशत योगदान दें। फरीदाबाद खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि चयनित एथलीट अपनी-अपनी स्पर्धाओं में पदक हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वहीं, एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक और ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और आत्मविश्वास से ही मेडल की राह सुगम होती है। पूरा प्रदेश इन युवा एथलीटों के साथ खड़ा है और सभी को इनके शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

बिम्सटेक अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप

### विभिन्न स्पर्धाओं में हरियाणा के मुख्य एवं रिजर्व खिलाड़ी

- 1500 मीटर दौड़: हितेश (हिसार) तथा सोहित विजेंद्र (जींद - रिजर्व)
- शॉट पुट (गोला फेंक): अतुल (चरखी दादरी), अंशु धनखड़ (सोनीपत) और रिया वर्मा
- जेवलिन थ्रो (माला फेंक): आदित्य (जींद), पूनम, दीपिका (फतेहाबाद) तथा ज्योति (फतेहाबाद - रिजर्व)
- डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक): प्रिया (भिवानी)
- 4x400 मीटर रिलेः तमन्ना (जींद)
- मीटर दौड़: रमिकेश (रिजर्व)

# टेस्ट में रचिन रवींद्र की वापसी, लैथम संभालेंगे कप्तानी

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उस टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराया था, हालांकि, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र और विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल पूरी तरह फिट होने पर ही पहले टेस्ट मैच में खेल पाएंगे। वेलिंगटन में 19 नवंबर से शुरू होने वाली इस श्रृंखला में न्यूजीलैंड की 14 सदस्यीय टीम की कप्तानी टॉम लैथम करेंगे। कॉनवे , रविंद्र और ब्लंडेल अभी चोटों से उबर रहे हैं लेकिन उनके टेस्ट श्रृंखला तक फिट होने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड की टीम में अधिकतर वही खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के दौरे में अपनी टीम को तीन मैच की श्रृंखला में 2-1 से जीत दिलाई थी।




## टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप : कार्लसन ने जीता उद्घाटन ब्लिट्ज खिताब

# वैशाली की दमदार जीत, एरिगैसी ने टॉप-5 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट में वेस्ली सो और हैंस नीमन पर प्रभावशाली जीत दर्ज की, जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने इस प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में 9 राउंड के ब्लिट्ज स्विस टूर्नामेंट को जीता। भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरिगैसी ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। वह अलीरेजा फिरोजा, फैबियानो कारुआना, नीमन और रिचर्ड रैपोर्ट के साथ 5.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर रहे।




### वैशाली की यादगार जीत

महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर वैशाली ने अपने शुरुआती तीन मैचों में दो जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन वह उस लय को बरकरार नहीं रख पाई और इसके बाद उन्होंने दो हार और तीन ड्रॉ का सामना किया। हालांकि विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी सो और विश्व में 36वें नंबर के नीमन पर उनकी जीत यादगार रही। आर प्रज्ञाननंदा ने एंड्रयू हांग पर जीत के साथ अपना सत्र समाप्त किया और कुल 4.5 अंक हासिल किए।

### तालिका में शीर्ष पर कार्लसन

कार्लसन ने अपने नौ मैचों में से पांच में जीत हासिल की जबकि चार बाजियां ड्रॉ खेली। इससे वह सात अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहे। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव 6.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि आर्मेनियाई ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने छह अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद अब 'फास्ट क्लासिक' होगा, जिसके लिए लॉटरी के जरिए ग्रुप तय किए गए। कागजों पर ग्रुप बी सबसे मजबूत नजर आता है है, जिसमें कारुआना, प्रज्ञाननंदा और विंसेंट कीमर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

पूर्व पीएम हसीना की वापसी के ऐलान पर बांग्लादेश में तनाव

# 21 जिलों में हिंसा, 24 घंटे में 22 वाहन फूंके, ट्रेन का कोच जलाया, कई सरकारी संस्थान हुए बंद

ढाका और छह अन्य जिलों में कम से कम 28 जगह देसी बम धमाकों की घटनाएं हुईं। पुलिस मुख्यालय का दावा है कि इन घटनाओं के पीछे शेख हसीना की पार्टी के समर्थक हैं

एजेंसी ▶▶ ढाका

पूर्व पीएम शेख हसीना की वापसी के ऐलान के बाद बांग्लादेश में हिंसा फिर भड़क गई है। सोमवार रात से मंगलवार शाम तक देश के कम से कम 21 जिलों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं। बसों और ट्रेन के कोच में आग लगाई गई। सरकारी दफ्तरों और शिक्षण संस्थानों के गेट भी बंद कर दिए गए। बांग्लादेश पुलिस और ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 11 जिलों में 22 वाहनों को आग लगाई गई।


पथराव करते प्रदर्शनकारी

## बस में आग लगाई, ड्राइवर की मौत

सोमवार देर रात फरीदपुर शहर के गोलाचामट इलाके में न्यू बस टर्मिनल पर खड़ी एक बस में आग लगा दी गई। पुलिस के मुताबिक, बाइक पर तीन लोग आए थे। इनमें से एक ने बस पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। घटना के समय बस ड्राइवर मोहम्मद कलाचन अंदर सो रहा था।



## यात्री बसों में लगाई आग

फार्मगेट मेट्रो स्टेशन के ठीक नीचे खड़ी बस को आग के हवाले कर दिया गया। आग पेट्रोल बम फेंक कर लगाई गई। मीरपुर-11 में पोस्ट ऑफिस और मेट्रो रेल लाइन के पास बस में आग लगा दी गई। पल्लवी इलाके में सड़क किनारे खड़ी दो बसों को फूंक दिया गया। चट्टोग्राम के पहाड़तली इलाके के सागरिका और कलूरघाट में दो यात्री बसों को आग लगा दी गई। बरगुना के बेतागी में नगर निगम के ट्रक और मानिकगंज बस स्टैंड पर एक बस को फूंक दिया गया। नाओगांव में अल बराका परिवहन की दो बसें भी आग की चपेट में आ गईं। किशोरगंज के बाजितपुर में कॉलेज की बस जला दी गई। ढाका के पास सावर और धामराई में अलग-अलग घटनाओं में दो वाहनों को निशाना बनाया गया। मंगलवार सुबह गोपालगंज के टुंगीपाड़ा में तनाव बढ़ गया। सुबह करीब 9:30 बजे प्रतिबंधित छात्र लीग के कार्यकर्ताओं ने गोहारडांगा चौरंगी चौराहे पर सामान जलाकर सड़क जाम कर दी।

फारस की खाड़ी में जहाज पर हमला

# एक भारतीय समेत 4 क्रू मेंबर घायल, 18 लोग थे सवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि 10 नवंबर को फारस की खाड़ी से गुजरते समय 6 भारतीय नाविकों को ले जा रहे लाइबेरिया के झंडे वाले एक तेल टैंकर पर किसी प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। इस हमले में चालक दल के 4 सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। सोनोवाल ने बताया कि 'एमटी फुजैराह एनर्जी' नाम का यह जहाज अल रुवाइस से दुबई जा रहा था, तभी उस पर हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 10 नवंबर को, 6 भारतीय नाविकों को ले जा रहा लाइबेरिया के झंडे वाला वीएलसीसी 'एमटी फुजैराह एनर्जी', अल रुवाइस से दुबई जाते समय फारस की खाड़ी में एक हमले का शिकार हो गया। इस हमले में चालक दल के चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। उसे मामूली चोटें आई हैं आगे की मेडिकल जांच के लिए सुरक्षित रूप से किनारे पर ले आया गया है। सोनोवाल ने कहा कि चालक दल के बाकी 18 सदस्य, जिनमें अन्य 5 भारतीय नाविक भी शामिल थे, सभी सुरक्षित हैं। हम लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं।


सर्बानंद सोनोवाल

## खबर संक्षेप

### चीनी सामानों पर टैरिफ छूट दो महीने और बढ़ी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी सामानों की 178 श्रेणियों पर अतिरिक्त शुल्क से



मिली छूट को 9 जनवरी, 2027 तक बढ़ा दिया है, क्योंकि यूएस और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत जारी है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने 'फेडरल रजिस्टर' में एक नोटिस जारी करके छूट की अवधि को दो महीने और बढ़ाने की घोषणा की। इससे 9 नवंबर के बाद ये छूट खत्म नहीं होंगी। इस फैसले से अमेरिकी आयातकों को कुछ खास चीनी उत्पादों को बिना अतिरिक्त शुल्क चुकाए मंगाना जारी रखने की अनुमति मिल गई है।

### डिप्टी पीएम डार के पोते पर दुष्कर्म का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उपपीएम और विदेश मंत्री इशाक डार के पोते रजा डार समेत आठ



लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लाहौर की एक अदालत ने दो विदेशी महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म और उन्हें बंधक बनाने के मामले में सभी आठ आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। खास बात यह है कि इस मामले में पुलिस पहले इशाक डार के पोते और उसके चार दोस्तों को क्लीन चिट दे चुकी थी।

अमेरिका का दावा, न्यूयॉर्क की जेल से ब्रिटिश एयरबेस पर रची थी हमले की साजिश

# 3 आतंकियों के खिलाफ आरोप तय, ईरानी सेना और आतंकी संगठन हिजबुल्लाह से रहे हैं संबंध

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिकी प्राधिकारियों ने यूरोप एवं अमेरिका में यहूदी समुदायों और ब्रिटेन के सैन्य अड्डे आरएएफ फेयरफोर्ड को निशाना बनाकर करीब 20 आतंकवादी हमले करने की साजिश रचने के आरोप में मंगलवार को तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मैनहट्टन की संघीय अदालत में सार्वजनिक किए गए अभियोग पत्र में ईरान और इराक की दोहरी नागरिकता रखने वाले मोहम्मद बाकिर साद दाऊद अल-सादी, ईरानी नागरिक मोहसिन मोहाजेरी और इराकी नागरिक मोहम्मद अली अल-हसानी के खिलाफ आरोपों का विवरण दिया गया है। दावा है कि तीनों के ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और इराक के संगठन कताइब हिजबुल्लाह से संबंध थे।

**आरोपी सादी ने इराक में अपनी मां और बहन से बातचीत के दौरान सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल कर अपने सहयोगियों तक संदेश पहुंचाए**


मोहम्मद बाकेर अल-सादी (बाएं) ईरान के सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी

## एयरबेस के पास मिली थीं 3 संदिग्ध गाड़ियां

*न्यूयॉर्क में अमेरिकी अटॉर्नी जेमी मैकडोनाल्ड ने एक बयान में कहा कि मई में गिरफ्तार किए जाने के बावजूद अल-सादी सितंबर में ब्रिटेन के फेयरफोर्ड स्थित रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) अड्डे पर आतंकवादी हमले की कोशिश से पहले तक अपने सह-आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रचता रहा। इस सैन्य अड्डे पर अमेरिकी बमवर्षक विमान और सैनिक तैनात थे। न्यूयॉर्क में आतंकवाद के आरोप में जेल में बंद अल-सादी ने ब्रिटेन के हवाई अड्डे पर हमले की योजना बना रहे ईरानी एजेंटों तक गुप्त संदेश पहुंचाए थे। अभियोजकों के अनुसार, अल-सादी ने इराक में अपनी मां और बहन से फोन तथा वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल कर अपने सहयोगियों तक संदेश पहुंचाए और उन्हें हवाई अड्डे पर बम हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया। 27 सितंबर को एयरफोर्स के फेयरफोर्ड एयरबेस के पास तीन संदिग्ध वैन मिली थीं।*

## हत्या की साजिश से बेसेंट ने छोड़ा घर

ईरान से जान का खतरा होने के बाद अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने वॉशिंगटन डीसी के पास स्थित अपना घर छोड़ दिया है। वह अब एक सैन्य अड्डे पर रह रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हाल के हफ्तों में निष्कर्ष निकाला कि मौजूदा और पूर्व अमेरिकी अधिकारियों के खिलाफ ईरान की साजिशें पहले से ज्यादा गंभीर स्तर पर पहुंच गई हैं। यह आकलन कुछ हद तक बेसेंट को मिली धमकियों से जुड़ी खुफिया जानकारी पर आधारित है।



### पाक ने अमेरिकी विमान को नहीं उतरने दिया

पाकिस्तान ने मंगलवार को अमेरिका के एक डिपोर्टेशन विमान को अपने यहां उतरने की इजाजत नहीं दी। इस विमान में कम से कम 9 ईरानी नागरिक सवार थे, जिन्हें पाकिस्तान के रास्ते ईरान भेजा जाना था। पाकिस्तान के अचानक इनकार के बाद विमान को बीच रास्ते से ही अमेरिका लौटना पड़ा। मंगलवार दोपहर तक सभी ईरानी नागरिकों को विमान से उतारकर एरिजोना के इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर में वापस भेज दिया गया।

### परमाणु गतिविधियां शुरू की तो करेंगे कार्रवाई

अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि अगर ईरान अपने क्षतिग्रस्त परमाणु स्थलों पर फिर से गतिविधियां शुरू करता है तो ट्रंप प्रशासन कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम का यह मतलब नहीं है कि अमेरिका ईरान पर नजर रखना बंद कर देगा। हेगसेथ ने कहा कि हम उन परमाणु ठिकानों पर निगरानी और नजर बनाए रखने में सक्षम हैं।

### ईरान में महिलाओं के लिए वार ट्रेनिंग कैंप खुला

अमेरिकी हमलों की आशंका के बीच ईरान ने अपना पहला पूर्ण महिला सैन्य प्रशिक्षण शिविर खोल दिया है। ईरान के लिए अपने जीवन का बलिदान देने की इच्छुक महिलाएं तेहरान के आजादी स्क्वायर पर सैन्य अभ्यास में जुटी हुई हैं। अमेरिका के साथ तनाव के बीच, ईरान ने तेहरान में महिला आर्मी तैयार कर ली है। वहीं, ईरान की आईआरजीसी ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी का वीडियो जारी किया है। इसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ उन्हें लॉन्च करने वाले सिस्टम भी रखे दिखाई दिए।

कोलंबो में बिम्सटेक स्वास्थ्य मंत्रियों की पहली बैठक में केंद्रीय मंत्री नड्डा की अपील...

# स्वास्थ्य सुरक्षा और महामारी से बचाव के लिए आपसी क्षेत्रीय सहयोग जरूरी




एजेंसी ▶▶ कोलंबो

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में बिम्सटेक देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों की पहली बैठक को संबोधित किया। उन्होंने आयुष्मान भारत, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और डिजिटल सेवाओं के जरिए सभी लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में भारत की प्रगति का उल्लेख किया।

- केंद्रीय मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं में भारत की प्रगति का उल्लेख किया

### बिम्सटेक में भारत सहित 7 देश शामिल

6 जून 1997 में स्थापित बिम्सटेक में भारत सहित 7 देश शामिल हैं। इनमें दक्षिण एशिया के 5 देश भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका और दक्षिण-पूर्व एशिया के 2 देश म्यांमार और थाईलैंड शामिल हैं। बिम्सटेक का मुख्यालय बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थित है। बिम्सटेक का उद्देश्य दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के बीच सहयोग बढ़ाना है।

लद्दाख के सीईओ का आदेश

## चुनाव से पहले लेह, कारगिल में धरने-प्रदर्शनों पर लगाई रोक

**लेह (एजेंसी)।** लद्दाख के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान लेह और कारगिल की नगरपालिका सीमाओं के भीतर राजनीतिक धरने, विरोध-प्रदर्शन, रैलियों और ऐसी अन्य सामूहिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है। बुधवार को आधिकारिक जानकारी दी गई। लद्दाख में पंचायत और नगर निकाय चुनाव 11 नवंबर को होने हैं, जबकि 8 लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों के चुनाव 4दिसंबर को निर्धारित हैं। सीईओ राहुल शर्मा ने कहा कि 23 अक्टूबर से लागू आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी है। जम्मू-कश्मीर नगर निकाय और नगर निकाय चुनाव के तहत आदेश में ऐसी गतिविधियों पर रोक रहेगी, जिनसे मतदाताओं के डरने, सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी माहौल खराब होने की आशंका हो।






दिवाली पोस्ट में पवित्र आयत वाला पेंडेंट पहनने पर बवाल

## करीना कपूर खान को लीगल नोटिस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर विवादों में घिर गई हैं। भोपाल के अब्बास हफीज ने करीना कपूर और उनकी स्टाइलिस्ट रिया कपूर को लीगल नोटिस भेजा है। हफीज ने दिवाली के मौके पर करीना की ओर से साझा की गई तस्वीरों में पहने गए एक ऐतिहासिक पेंडेंट पर आपत्ति जताई है। उनका दावा है कि यह पेंडेंट भोपाल रियासत की बेगमों की विरासत से जुड़ा है और इस पर कुरान की पवित्र आयत-उल-कुर्सी उकेरी गई है। उन्होंने इसे फैशन के तौर पर पहनने को धार्मिक भावनाओं के खिलाफ बताया है। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता अब्बास हफीज के अनुसार, करीना कपूर ने दिवाली के अवसर पर सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा की थीं। इनमें उन्होंने भोपाल रियासत की बेगमों की ऐतिहासिक विरासत से जुड़ा एक पेंडेंट पहना हुआ था। हफीज का दावा है कि इस पेंडेंट पर



कुरान की आयत-उल-कुर्सी उकेरी गई है। इसी धार्मिक महत्व के कारण उन्होंने अभिनेत्री और उनकी स्टाइलिस्ट रिया कपूर को कानूनी नोटिस भेजा है। हफीज ने कहा कि मुस्लिम समुदाय में कुरान की आयतों को बेहद पवित्र माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कई लोग वजू यानी पवित्र अवस्था में ही कुरान की आयतों को छूते हैं। उन्होंने आपत्ति जताई कि धार्मिक आस्था से जुड़े इस पेंडेंट को फैशन के तौर पर ऐसे लिबास के साथ पहना गया, जो उनके अनुसार मर्यादा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भोपाल के नवाब की कलगी पहनने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन पवित्र आयत वाले पेंडेंट का इस तरह इस्तेमाल अनुचित है।

भारतीय सांस्कृतिक विरासत की घर वापसी

# तीन प्राचीन कलाकृतियां और मूर्तियां ऑस्ट्रेलिया ने सौंपी

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

नेशनल गैलरी ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने तीन प्राचीन भारतीय कलाकृतियां कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग को सौंप दी हैं। यह हस्तांतरण जुलाई 2026 में तीसरे वार्षिक लीडर्स समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज के बीच हुए वादे के तहत किया गया है। इन कलाकृतियों में देवी भद्रकाली के कांसे का त्रिशूल, नंदी की ग्रेनाइट प्रतिमा और छह सिर वाले कार्तिकेय की बेसाल्ट पत्थर मूर्ति शामिल है। भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को


कैनबरा में सौंपी गई कलाकृतियां

वापस लाने के जो प्रयास कर रहा है, उसमें यह एक बड़ा कदम है। भारतीय मिशन ने 'एक्स' में कहा कि जुलाई 2026 में तीसरे वार्षिक 'लीडर्स समिट' के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और एंथनी अल्बनीज के बीच प्राचीन कलाकृतियों को लौटाने पर सहमति बनी थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28